

पेज -6 पर

देवभोग में छग राज्य स्तरीय डबल एवं मिक्स डबल बैडमिंटन प्रतियोगिता सम्पन्न

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -16 ◆ अंकः 112 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, शनिवार 24 फरवरी 2024

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -8 पर

विद्युत विभाग से ग्रामीण परेशान, बायसी सब-स्टेशन दे रहा मात्र 100 वोल्टेज, ग्रामीणों में आक्रोश

# सभी वर्गों के समावेशी विकास की दिशा में कार्य कर रही छत्तीसगढ़ सरकारः मुख्यमंत्री साय

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तीन दिवसीय मैनपाट महोत्सव के शुभारंभ में पहुंचे। समारोह में उन्होंने मैनपाट को पर्यटन की दिशा में और सुदृढ़ करने की बात कही, ताकि लोग सनातन और बौद्ध धर्म दोनों के समागम स्थल में सुकून की अनुभूति महसूस करें। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश के सभी वर्गों के समावेशी विकास की दिशा में कार्य कर रही है। श्री साय ने माताओं एवं बहनों का भी अभिनंदन करते हुए कहा कि प्रदेश भर की महिला शक्ति को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महतारी वंदन योजना के तहत राशि मिलना शीघ्र प्रारंभ हो जाएगा। प्रदेश भर से 70 लाख महिलाओं ने इसका फॉर्म भरा है और फॉर्म भरने की प्रक्रिया आगे भी प्रारंभ रहेगी, ताकि हमारी पात्र माताओं एवं बहनों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि हमारी सरकार हर छत्तीसगढ़िया के भांजे श्री राम के दर्शन का सपना पूरा करेगी। साथ ही चरण पादुका योजना







को फिर से शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने मैनपाट महोत्सव में नर्मदापुर में झंडा पार्क की स्थापना के लिए एक करोड़ की घोषणा की। साथ ही मैनपाट महोत्सव आयोजन के लिए प्रतिवर्ष 50 लाख रुपए की घोषणा की। इस अवसर पर सीतापुर विधायक श्री रामकुमार टोप्पो, लुण्ड्रा विधायक श्री प्रबोध मिंज एवं अम्बिकापुर विधायक श्री राजेश अग्रवाल भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का तिब्बती शरणार्थी बंधुओं द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में तिब्बती परम्परा से आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। इस अवसर पर स्थानीय कलाकारों द्वारा साईक्लिंग सहित कई एडवेंचर स्पोर्ट्स का आयोजन किया गया। महोत्सव के दौरान नौकायन, जूमरिंग, आर्चरी, पतंग उत्सव, राज्य स्तरीय साइकिल रेस, पैरा सीलिंग, वैली क्रासिंग, हैंगिंग बॉल सहित अन्य रोमांचक खेलों का आयोजन होगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने मैनपाट महोत्सव में विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण किया जहां विभागीय योजनाओं पर आधारित जीवंत मॉडल बनाए गए हैं। विभागों द्वारा स्टॉल में कृषि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत कृषि विकास पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई। पशुपालन विभाग द्वारा हर घर कुक्कुट पालन, रेशम विभाग द्वारा टसर धागाकरण, वन विभाग द्वारा वन सम्पदा, जल संसाधन विभाग द्वारा घुनघुट्टा डेम, मत्स्य विभाग द्वारा मछली पालन से समृद्धि, आदिवासी विकास विभाग द्वारा देवगुड़ी पर आधारित, जीवंत मॉडल बनाया गया।

## एक नजर

### आईएएस अविनाश चंपावत की भी छत्तीसगढ़ वापसी मंजूर



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कैडर के IAS अफसरों के वापस लौटने का सिलसिला जारी है। केंद्र सरकार ने व्यक्तिगत कारणों से 2003 बैच के आईएएस अविनाश चंपावत की भी छत्तीसगढ़ वापसी या आवेदन मंजूर कर लिया है। डीओपीटी ने आदेश जारी कर दिया है। हाल को दिनों में केंद्र से वापस लौटने वाले अफसरों मे वे चौथे होंगे। उनसे पहले एसीएस रिचा शर्मा, पीएस सोनमणि बोरा भी लौट रहे हैं।

### आईएएस यशवंत कुमार बने राज्यपाल के सचिव,हटाए गए अमृत खलको




**रायपुर।** राज्य शासन ने राज्यपाल के सचिव पद से आईएएस अमृत खलको को हटाकर उनके स्थान पर आईएएस यशवंत कुमार को नियुक्त किया है।सामान्य प्रशासन विभाग ने इसका आदेश 22 फरवरी की देर रात जारी किया। आदेश के मुताबिक यशवंत कुमार को राज्यपाल के सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया है।जारी आदेश के अनुसार, 2007 बैच के IAS यशवंत कुमार संचालक ग्रामोद्योग, अतिरिक्त प्रभार प्रबंध संचालक छग हस्तशिल्प विकास बोर्ड, प्रबंध संचालक हाथकरघा विकास एवं विपणन संघ मर्यादित, प्रबंध संचालक खादी एवं ग्रामोद्योग हैं। उन्हें वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ सचिव राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

# महादेव सट्टा एप मामले में जल्द हो सकती है बड़ी कार्यवाही

## एजेंसियों के बीच बैठकों का दौर हुआ तेज

**रायपुर।** महादेव सट्टा एप मामले को लेकर राज्य सरकार की एजेंसी जल्द विधिक कार्यवाही कर सकती है। सूत्रों के अनुसार गुरुवार 22 फरवरी को ईडी एसीबी और विधि विभाग के शीर्षस्थ अधिकारियों की इस विषय पर देर रात तक शंकर नगर में बैठक चली है।बैठक में राज्य एजेंसी और विधि विभाग के शीर्षस्थ अधिकारियों तथा प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों के बीच प्रस्तावित एफ़आइआर में साक्ष्य के विषयवस्तु को लेकर विमर्श हुआ है। सूत्र यह बता रहे हैं कि,राज्य एजेंसी और राज्य के विधि विभाग के शीर्षस्थ अधिकारियों का पक्ष मानता है कि, प्रकरण में एफ़आइआर दर्ज करने लायक़





सामग्री है,लेकिन बैठक में इस एफ़आइआर के अन्य विधिक पहलुओं को लेकर विषय विमर्श में तब्दील हुआ जो देर रात तक चला।इस विमर्श के बीच टॉप लेवल से यह निर्देश हैं कि समन्वय बनाकर कार्यवाही सुनिश्चित करे।

### क्या चाहती हैं राज्य एजेंसी और किस क़वायद में हैं विधि विभाग के शीर्षस्थ अधिकारी

ईडी की ओर से महादेव सट्टा एप मामले में तैयार प्रतिवेदन को लेकर राज्य की एजेंसी एसीबी एफ़आइआर दर्ज करेगी।लेकिन विमर्श और मंथन जिसमें राज्य एजेंसी और विधि विभाग के शीर्षस्थ अधिकारियों के साथ ईडी के अधिकारियों का दल शामिल था उसमें विषय यही था कि, जब प्रतिवेदन एफ़आइआर में तब्दील हो तो उसे विधिक रूप से इतना मज़बूत रखा जाए कि बतौर आरोपी दर्ज होने वाले नाम फिर वे कोई भी हों उन्हें न्यायालय से त्वरित राहत मिलना सहज ना रहे। राज्य एजेंसी एसीबी और विधि विभाग के शीर्षस्थ अधिकारियों का दल इस प्रतिवेदन को एफ़आइआर में बदलने को सैद्धांतिक रुप से सहमत है, लेकिन एफ़आइआर के जिन अन्य विधिक पहलुओं को और बेहतर या कि संभावित आरोपी पक्ष के लिये किसी भी विधिक मामले में मदद को सरल ना होने देने के लिए आवश्यक विषयवस्तु को और बेहतर प्रस्तुति के लिए यह मंत्रणा हुई है।

अब निर्माण कार्य भी करेगा शिक्षा विभाग

# विभाग में करेंगे इंजीनियरिंग शाखा का गठन, खुद ही बनाएंगे भवन-बृजमोहन अग्रवाल

प्रदेश में शिक्षा विभाग से जुड़े निर्माण कार्य विभाग खुद करेगा। यह जानकारी विधानसभा में आज विभागीय मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने दी।

रायपुर। प्रदेश में स्कूल और उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत होने वाले भवन सहित अन्य निर्माण कार्य विभाग खुद करेगा। विभागीय मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने आज यह जानकारी विधानसभा में दी।



उन्होंने बताया कि अभी स्कूल और उच्च शिक्षा विभाग के निर्माण कार्यों की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) के पास है, लेकिन स्वीकृति और बजट उपलब्ध होने के बावजूद दोनों एजेंसियां समय पर निर्माण कार्य नहीं कर पाती हैं। इस वजह से विभाग ने यह फैसला किया है। शिक्षा मंत्री अग्रवाल ने बताया कि विभाग में इजीनियरिंग शाखा का गठन किया जाएगा और विभाग से संबंधित निर्माण इसी के माध्यम से होगा। अग्रवाल ने यह जानकारी विभाग में प्रश्नकाल में कांग्रेस विधायक फूल सिंह राठिया के प्रश्न का उत्तर देते हुए दी। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने आहात वीहिन स्कूलों का मुद्दा उठाया। इस पर स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने पूछा कि क्या भविष्य में विभाग कुछ ऐसी व्यवस्था कर सकता है कि नए स्कूल भवन का ड्राइंग डिजाइन बनाते समय ही उसमें आहात की व्यवस्था की जाएगा।इस पर मंत्री अग्रवाल ने कहा कि इसके लिए प्रयास किया जाए, लेकिन कई ऐसे मामले भी हैं जहां भवन निर्माण से ज्यादा खर्च आहात बनाने में आएगा। बावजूद इसके वन विभाग और मनरेगा के तहत इस तरह का प्रयास किया जा सकता है।

राजिम कुंभ कल्प 2024

# संगम नगरी राजिम कुंभ कल्प में दिखेगा अयोध्या धाम का वैभव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की तीर्थ नगरी राजिम में होने वाले कुंभ कल्प में इस बार भारत की सनातन परंपरा की अद्भुत झलक दिखेगी। उत्तराखंड से तमिलनाडू तक भारतभूमि की संतपरंपरा से जुड़े संतों का अद्भुत समागम इस भूमि पर होगा। धर्मस्व मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल के निर्देशन में राजिम कुंभ कल्प के अभूतपूर्व आयोजन की तैयारी जोर-शोर से जारी है। संगम नगरी का दृश्य अयोध्या धाम की तरह होगा। इस बार की थीम रामोत्सव है। मुख्यमंच अयोध्या धाम के रामलला मंदिर की तरह होगा।







धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने बताया कि मेला परिसर सुगम, सुशासित और सुसज्जित होगा। रामकथा का मंचन थ्री डी मैपिंग, लेजर शो आदि के माध्यम से होगा। मुंबई की एक्सपर्ट टीम यह कार्य करेगी। थ्री डी प्रोजेक्शन मैप की इस तकनीक से रामकथा का अद्भुत रसपान श्रद्धालु करेंगे। प्रयागराज कुंभ की विशेषता होती है कि यहां दुकानों का आर्गेनाइज्ड स्ट्रक्चर तैयार होता है, जिसका लाभ व्यवसायियों को होता है। राजिम कुंभ में भी इसी तर्ज पर दुकानों की व्यवस्था होगी। धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने बताया कि राजिम कुंभ कल्प का शुभारंभ 24 फरवरी को होगा, जो 8 मार्च तक चलेगा। इस भव्य आयोजन में हरिद्वार, काशी, मथुरा, अयोध्या, चित्रकुट समेत देशभर के कई स्थानों से साधु-संत, पीठाधीश्वर, मठाधीश, महात्मा और शंकराचार्य शामिल होंगे। श्रद्धालुओं को राजिम कुंभ के दौरान आवागमन में किसी भी तरीके की दिक्कत ना हो, इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जा रहा है।

# रायपुर में जीएसटी का छापा

## कारोबारियों ने की धांधली, पकड़ी गई 6.75 करोड़ की कर चोरी

रायपुर. छत्तीसगढ़ के कारोबारियों पर सरकार नकेल कस रही है। त्रस्ज्ञ चोरी का बड़ा मामला सामने आया है। रायपुर में एक बड़ी कार्रवाई की गई है। राजधानी के तीन आयरन स्टील उत्पाद निर्माता की फैक्ट्रियों में छापा मारकर 6.75 करोड़ रूपए की जीएसटी चोरी पकड़ी है। बताया जा रहा है इस मामले में अभी जांच चल रही है। आगे और भी खुलासे हो सकते हैं।



दरअसल छत्तीसगढ़ में त्रस्ज्ञ विभाग को लम्बे समय से त्रस्ज्ञ चोरी की सूचना मिल रही थी। इसके बाद विभाग की टीम हरकत में आई और रायपुर के श्याम स्टील इंडस्ट्रीज़, ईश्वर इस्पात एवं ईश्वर टीएमटी की फैक्ट्रियों में दबिश देकर जांच की। विभाग के प्रवर्तक विंग ने उरला सिलतरा क्षेत्र में स्थित फैक्ट्रियों में जांच की।

विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक प्रारंभिक जांच में पाया गया कि इन तीन आयरन स्टील उत्पाद निर्माताओं ने 6.75 करोड़ रुपए की त्रस्ज्ञ चोरी की है। जांच टीम ने कई दस्तावेज और डिजिटल डॉक्यूमेंट जब्त किए हैं। सूत्रों के मुताबिक आगे की कार्रवाई में यह राशि और बढ़ने की संभावना है। इन फ़र्मो ने मौके पर ही अधिकारियों के सामने 4.75 करोड़ रुपए जीएसटी जमा की है।

### ऐसे हो रही थी चोरी

जानकारी के मुताबिक इन फर्मों में कच्चा स्क्रैप खरीद कर सरिया बनाया जा रहा था और जीएसटी की चोरी की जा रही थी। बता दें कि छत्तीसगढ़ में जीएसटी की प्रवर्तन विंग स्क्रैप से जीएसटी चोरी पर लंबे समय से नजर रखी जा रही थी। जिसमें विभाग द्वारा एडवांस आईटी टूल्स का प्रयोग किया जा रहा है। साथ ही नई तकनीकों का प्रयोग कर सूचनाओं, फील्ड से एकत्र की जा रही सूचनाओं के आधार पर भी कार्रवाई की जा रही है।

# सुपेबेड़ा में हुई 5 डॉक्टरों की नियुक्ति

विस में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी ने दी जानकारी

**रायपुर।** कांग्रेस विधायक जनक ध्रुव ने सदन में सुपेबेड़ा में स्वास्थ्य व्यवस्था का मामला उठाया. उन्होंने कहा कि सुपेबेड़ा में किडनी की बीमारी से 135 लोगों की मौत हो चुकी है. वीआईपी मूवमेंट के दौरान मुन्ना भाई एमबीबीएस की तर्ज पर एक कमरे की साज सज्जा कर दी जाती है. क्या सेटअप के अनुसार स्वीकृति दी जाएगी।



स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी ने कांग्रेस विधायक के सवाल के जवाब में बताया कि सुपेबेड़ा में सौ बिस्तर का सेटअप है. कल ही हमने 5 डॉक्टरों की नियुक्ति है. सुपेबेड़ा के लिए कल ही डॉक्टरों का दल बना दिया है.कांग्रेस विधायक इंद्र साव ने कहा कि निजी अस्पताल गंभीर इलाज के लिए लाए गए मरीजों के आयुष्मान से इलाज नहीं किया जाता. सभी निजी अस्पतालों को निर्देश करेंगे की सबसे पहले जान बचाने इलाज करेंगे क्या? मंत्री ने कहा कि आयुष्मान योजना के तहत शत-प्रतिशत इलाज की व्यवस्था है. मरीज से अलग से चार्ज नहीं लिया जाता. शिकायत मिलने पर कार्रवाई होगी।

# महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस आज रायपुर में

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में होंगे शामिल



**रायपुर।** महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस शनिवार को रायपुर आ रहे हैं। रमेश बैस शाम 5 बजे मुम्बई से रायपुर पहुंचेंगे। वे यहां विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार रमेश बैस राष्ट्रीय समाज विज्ञान परिषद और अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में बिलासपुर में 25 फरवरी को 11.30 बजे आयोजित छठवीं वार्षिक कांफ्रेंस का उदघाटन करेंगे। वे अगले दिन 25 की रात मुंबई लौटेंगे।

# नागडबरा में 3 बैगा आदिवासियों की संदिग्ध मौत पर जमकर हंगामा, विधानसभा की कार्यवाही दो बार स्थगित

## गर्भ गृह में आकर कांग्रेस विधायकगण स्वमेव निलंबित

**रायपुर।** कवर्धा जिले अंतर्गत पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नागडबरा में राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहलाने वाली बैगा जनजाति के एक ही परिवार के 3 लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला आज विधानसभा में गूंजा। कांग्रेस विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल के यह कहने पर कि आरोपियों को पंडरिया विधायक का संरक्षण है, इस पर गहरी आपत्ति करते हुए सत्ता पक्ष ने हंगामा मचाया। इस घटना पर विपक्षी कांग्रेस विधायक दल ने स्थगन प्रस्ताव लाया था जिसे विधानसभा अध्यक्ष ने अग्राह्य कर दिया। स्थगन पर चर्चा की मांग पर अड़े रहते हुए कांग्रेस विधायक नारेबाजी करते हुए





गर्भ गृह में आकर स्वमेव निलंबित हो गए। निलंबन के बाद कांग्रेस विधायकगण विधानसभा परिसर में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास कुछ देर धरने पर बैठे रहे और इसके बाद आज की सदन की कार्यवाही का बहिष्कार कर दिया।

शून्यकाल में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि विगत 14 जनवरी को कवर्धा जिले के अंतर्गत नागडबरा ग्राम में राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र बैगा जनजाति के एक ही परिवार के 3 लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि घटना के बाद पुलिस प्रशासन व्दारा साक्ष्यों को छुपाकर हत्या को आगजनी से मृत्यु के रूप में बदलने का प्रयास किया जा रहा है। भूपेश बघेल के बाद कांग्रेस विधायकगण विक्रम मंडावी, देवेन्द्र यादव, श्रीमती अनिला भेड़िया, श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी, लालजीत सिंह राठिया, इंद्रशाह मंडावी एवं श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने भी इस विषय पर अपनी बात रखी।

हर्षिता स्वामी बघेल व्दारा यह कहे जाने पर कि मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये देकर इस मामले को दबान का प्रयास किया गया। आरोपियों को पंडरिया की विधायक का संरक्षण है के विरोध में भाजपा विधायकों ने हंगामा मचाना शुरु कर दिया और कांग्रेस विधायकों के खिलाफ नारेबाजी शुरु कर दी। जवाब में कांग्रेस विधायकों ने भी नारेबाजी शुरु कर दी। हंगामा होते देख विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को सदन की कार्यवाही 5 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी।

सदन का कार्यवाही दोबारा शुरु होने पर सत्ता पक्ष के विधायक अजय चंद्राकर ने गहरी आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि बिना किसी प्रमाण के सदन में एक सदस्य व्दारा दूसरे सदस्य पर ऐसा गंभीर आरोप नहीं लगाया जा सकता। चंद्राकर के यह कहने पर कांग्रेस विधायकों ने विरोध में नारेबाजी शुरु कर दी। जवाब में भाजपा विधायकगण भी नारे लगाने लगे। अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि नव निर्वाचित सदस्य ध्यान रखें कि एक-दूसरे पर इस तरह व्यक्तिगत आरोप नहीं लगाएं।

# स्वस्थ लोकतंत्र और सुशासन के लिए निष्पक्ष और स्वतंत्र निर्वाचन आयोग जरूरी

ठीक 18वीं लोकसभा के चुनाव से पहले भारत निर्वाचन अयोग की निष्पक्षता फिर चर्चा में आ गई है। चर्चा का विषय निर्वाचन आयुक्तों के चयन से शुरू हो कर अब चुनावी बॉड पर टिक गया है। केन्द्र सरकार ने चुनाव सुधार की प्रकृया में जिस चुनावी बॉड व्यवस्था को शुरू किया था उसे सर्वोच्च न्यायलय ने असवैधानिक घोषित कर दिया। इससे पहले मार्च 2023 में सर्वोच्च न्यायलय की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने निर्वाचन आयोग की स्वतंत्रता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री की अध्यक्षता एक चयन समिति के गठन का अदेश पारित किया था जिसमें प्रधान न्यायाधीश के प्रतिनिधि समेत लोकसभा अध्यक्ष, लोकसभा में प्रतिपक्ष या सबसे बड़े दल नेता ने शामिल होना था।

अदालती आदेश के क्रम में चयन समिति का कानून सरकार ने संसद से पास करा लिया है जिसमें प्रधान न्यायाधीश के स्थान पर प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केन्द्रीय मंत्री को सदस्य बनाने का प्रावधान किया गया है।

### निर्वाचन आयुक्त ों के चयन की नई व्यवस्था-

जस्टिस के.एम. जोसेफ की अध्यक्षता वाली सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ ने 2 मार्च 2023 को कुछ याचिकाओं पर फैसला दिया था कि अब राष्ट्रपति द्वारा निर्वाचन आयोग के मुख्य न्यायाधीश समेत आयुक्तों की नियुक्ति एक कमटी की सिफारिश पर की जाएगी जिसमें प्रधानमंत्री के अलावा प्रधान न्यायाधीश, प्रतिपक्ष या लोकसभा में सबसे बड़े दल के नेता और स्पीकर शामिल होंगे।

आदालत का यह आदेश इस दिशा में नया कानून पास होने तक लागू रहना था, क्योंकि कानून बनाने का दायित्व अदालत का नहीं बल्कि संसद का है। इस दिशा में केन्द्र सरकार ने संसद से नया कानून पास करा दिया है। अब संसद द्वारा पारित मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) अधिनियम, 2023 की धारा 7 में प्रावधान किया गया है कि–

"मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति एक चयन समिति की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी। समिति में (ए) प्रधान मंत्री – अध्यक्ष (बी) लोक सभा में विपक्ष के नेता – सदस्य (सी) प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री – सदस्य होंगे। हालांकि इस कानून को चुनौती देते हुए इस पर रोक लगाने की मांग एडीआर नाम के एनजीओ ने सर्वोच्च न्यायालय से की थी जिस अदालत ने खरिज कर दिया लेकिन याचिका पर केन्द्र सरकार को नोटिस भी जारी कर दिया। अब इस मामले में अगली सुनवाई अप्रैल में होनी है।




जस्टिस के.एम. जोसेफ की अध्यक्षता वाली सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ ने 2 मार्च 2023 को कुछ याचिकाओं पर फैसला दिया था कि अब राष्ट्रपति द्वारा निर्वाचन आयोग के मुख्य न्यायाधीश समेत आयुक्त ों की नियुक्ति एक कमटी की सिफारिश पर की जाएगी जिसमें प्रधानमंत्री के अलावा प्रधान न्यायाधीश, प्रतिपक्ष या लोकसभा में सबसे बड़े दल के नेता और स्पीकर शामिल होंगे।

चुनाव सुधारों की प्रक्रिया 1951 से ही शुरू हो गई थी। इसी क्रम में आयोग को निष्पक्ष बनाने एवं चुनाव में धनबल, बाहुबल जैसे अनुचित माध्यमों का इस्तेमाल रोकने के लिए 1974 में तारकुण्डे समिति से लेकर 2010 में तनखा समिति तक 8 के करीब समितियों का गठन हो चुका है। सभी ने निर्वाचन प्रक्रिया में शुचिता के लिए कई सुझाव दिए जिन पर कार्यवाही भी हुई।

जैसे इलेक्शन पीटीसन के लिए ट्रिब्यूनल में जाने के बजाय हाइकोर्ट में जाना, मतदान की आयु 21 से घटाकर 18 वर्ष करना, ईवीएम मशीनों का प्रयोग, मतदाता पहचान–पत्रों का चलन, दो से अधिक क्षेत्रों से चुनाव लड़ने पर रोक, मतदान कर्मियों को सीधे निर्वाचन आयोग के अधीन करना, चुनाव खर्च की सीमा तय करना और मतदान समाप्त होने से आधे घण्टे पहले तक एक्जिट पोल पर रोक आदि शामिल हैं।पहले एक सदस्यीय आयोग होता था। अब दो अन्य आयुक्त भी आयोग में शामिल कर लिए गए हैं। लेकिन आयोग में सुधार के लिए जो सिफारिशें की गई थीं उन पर कार्यवाही नहीं हुई। आयोग में दो अतिरिक्त आयुक्तों की पहली बार नियुक्ति 16 अक्टूबर 1989 को हुई थी जिनका कार्यकाल बहुत ही कम 1 जनवरी 1990 तक रहा। उसके बाद 1 अक्टूबर 1993 से नियमित रूप से केन्द्र सरकार द्वारा मुख्य आयुक्त के साथ दो अन्य आयुक्त नियुक्त किए जाने लगे।

### एक के बाद एक समितियों का गठन फिर भी

तारकुंडे समिति (1974–75) के बाद दिनेश गोस्वामी समिति (1990) ने भी निर्वाचन आयोग को निष्पक्ष और दबाव मुक्त बनाने के लिए आयोग की नियुक्तियों में सरकार का एकाधिकार समाप्त करने की सिफारिश की थी। तारकुंडे समिति की सिफारिश पर मतदान की उम्र 21 से घटा कर 18 तो हो गई मगर निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति का अधिकार केन्द्र सरकार ने नहीं छोड़ा। तारकुंडे समिति ने तीन सदस्यीयएक कमेटी की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति की सिफारिश की थी। इस कमेटी में प्रधानमंत्री, सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और लोकसभा में विपक्ष का नेता या विरोध पक्ष का प्रतिनिधि होना था। तारकुण्डे समिति ने निर्वाचन आयोग की सहायता के लिए केंद्र और राज्यों में स्वायत्त निर्वाचन परिषदें बनाने का भी सुझाव दिया था।

इससे साथ ही अनुचित कामों पर निगरानी के लिये "मतदाता परिषद" के गठन का भी सुझाव दिया था। मई 1990 में दिनेश गोस्वामी समिति ने भी निर्वाचन आयोग तीन सदस्यीय निकाय बनाने का सुझाव दिया था। समिति की सिफारिश थी कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति भारत के प्रधान न्यायाधीश, प्रधानमंत्री और विपक्ष के नेता द्वारा की जानी चाहिए।

**जयसिंह रावत**

## संपादकीय

### समय के सर्वश्रेष्ठ उपयोग

हमारे शरीर में एक घड़ी होती है, जिससे बायोलॉजिकल क्लॉक कहा जाता है। यदि आप निश्चित समय पर निश्चित काम करने की आदत डाल लेते हैं, तो उस समय आपका शरीर और मन दोनों ही उस काम को करने के लिए पूरी तरह तैयार होते हैं। सूरज उगने से दो घंटे पहले उठें और सूरज डूबने के दो घंटे बाद सो जाएँ। जल्दी सोने से जब आप सुबह चार बजे उठते हैं, तो आपके पास समय ही समय रहेगा। यदि आपका पड़ोसी जल्दी उठना है तो आप उससे भी ज्यादा जल्दी उठे। क्योकि सुबह के एक घंटे में आप जितना काम कर लेते हैं, उतना दोपहर में तीन घंटों में हो पाता है। समय के सर्वश्रेष्ठ उपयोग में सबसे बड़ी दिक्क़त दूसरों की तरफ़ से आती है और सुबह में यह दिक्क़त सबसे कम होती है। सुबह मोबाइल का टेंशन भी नहीं रहता है। अख़बार भी देर से आता है। बच्चे भी प्राय: देर से उठते हैं। इसलिए आप पूरी एकाग्रता से काम कर सकते हैं। सुबह 10 बजे तक खुश रहेंगे, तो बाकी का दिन आपकी परवाह स्वयं कर लेगा।

समय बचाने के लिए आपको काम का सही समय चुनना होगा। जैसे ही आप कोई महत्वपूर्ण काम शुरू करते हैं, वैसे ही बाधाओं की गुरुत्वाकर्षण शक्ति सक्रिय हो जाती है और आपको नीचे धकेलने लगती है। दूसरे लोग आकर आपके काम में विघ्न डालते हैं। हर अच्छे काम में बाधाएं हमेशा आती है। मेरी सलाह यह है कि अपने जीवन को 10 मिनट की इकाइयों में बांट दें ताकि निरर्थक गतिविधियों में न्यूनतम समय बर्बाद हो। आप अपने मिनट का ध्यान रखेंगे, तो घंटे अपनी परवाह खुद कर लेंगे। आप 10 मिनट में बहुत कुछ कर सकते हैं। यह 10 मिनट अगर चले गए तो हमेशा के लिए चले जाएंगे।

# किसान संगठनों ने पंजाब के आम किसानों के दीर्घकालिक हितों को दांव पर लगा दिया है

सरकार चाहती है कि गेहूं और धान से अलग फसलें उगाकर किसान विविधता लायें। इसके लिए सरकार उनको पांच साल तक पूरी मदद की गारंटी भी दे रही थी। देखा जाये तो सरकार का यह प्रस्ताव पंजाब के लिए आदर्श था, जहां भूजल स्तर चिंताजनक रूप से कम हो गया है।



दिल्ली चलो का आह्वान करने वाले लोग खुद को किसानों का नेता बताते हैं लेकिन सवाल उठता है कि यह आखिर कैसे नेता हैं जो किसानों का भला नहीं चाहते। सरकार ने वर्तमान आर्थिक परिदृश्यों में एक बेहतर प्रस्ताव दिया। इस प्रस्ताव को तैयार करते समय सरकार ने पंजाब के किसानों की दिक्कतों का खासतौर पर ध्यान रखा लेकिन फिर भी उसे ठुकरा दिया गया। देखा जाये तो खुद को किसान नेता कहने वाले लोगों ने सरकारी एजेंसियों द्वारा पांच साल तक दाल, मक्का और कपास की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर करने के केंद्र के प्रस्ताव को खारिज कर किसानों के हितों को बहुत बड़ा धक्का पहुँचाया है। पहले जरा सरकार के प्रस्ताव पर नजर डालते हैं फिर आपको बताएंगे कि कैसे यह पंजाब के किसानों के हित में था। हम आपको बता दें कि किसानों के साथ चौथे दौर की बातचीत के बाद केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा था कि राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ और भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ जैसी सहकारी समितियां 'अरहर दाल', 'उड़द दाल', 'मसूर दाल' या मक्का का उत्पादन करने वाले किसानों के साथ एक अनुबंध करेंगी ताकि उनकी फसल को अगले पांच साल तक एमएसपी पर खरीदा जाए। उन्होंने कहा था कि खरीद की मात्रा की कोई सीमा नहीं होगी और इसके लिए एक पोर्टल विकसित किया जाएगा। मंत्री पीयूष गोयल ने यह भी प्रस्ताव दिया था कि भारतीय कपास निगम उनके साथ कानूनी समझौता करने के बाद पांच साल तक किसानों से एमएसपी पर कपास खरीदेगा।

अब जरा समझिये यह प्रस्ताव किसानों के हित में कैसे था। दरअसल गेहूं और धान की फसलों में सर्वाधिक पानी लगता है। पंजाब उन राज्यों में शुमार होता जा रहा है जहां जल संकट धीरे–धीरे बढ़ रहा है। बड़े किसानों के पास तो फिर भी संसाधन हैं मगर एक छोटे किसान के लिए हाल के वर्षों में भूजल निकालने की लागत बढ़ गयी है इसलिए यदि यह किसान उन फसलों की ओर मुड़ते जिनमें पानी की अधिक खपत नहीं होती तो उनकी लागत कम हो जाती। सरकार चाहती है कि गेहूं और धान से अलग फसलें उगाकर किसान विविधता लायें।

इसके लिए सरकार उनको पांच साल तक पूरी मदद की गारंटी भी दे रही थी। देखा जाये तो सरकार का यह प्रस्ताव पंजाब के लिए आदर्श था, जहां भूजल स्तर चिंताजनक रूप से कम हो गया है। आंकड़ों के जरिये समझायें तो आपको बता दें कि इस समय पंजाब के अधिकांश क्षेत्र में गेहूं और धान की खेती (2020–21 में 85%) होती है। पंजाब में कपास, दालों और मक्का के लिए पारिस्थितिकी तंत्र (बाजार, खरीदार, रसद, इनपुट आपूर्ति, आदि) उतना सशक्त नहीं है इसलिए सरकार किसानों को अपने समर्थन की गारंटी देना चाह रही है। अभी के संदर्भ में देखें तो मक्का 1.5%, कपास 3.2% और दालों की केवल 0.4% खेती हो रही है। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि किसान यदि इन फसलों की ओर बढ़ते हैं तो नये बाजार खुलेंगे। साथ ही किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए निजी क्षेत्र में भी बड़े खरीददार मिलेंगे। देखा जाये तो केंद्र के प्रस्ताव को अस्वीकार करके, किसान संगठनों ने अपने अल्पकालिक हितों के लिए पंजाब के आम किसानों के दीर्घकालिक हितों को दांव पर लगा दिया है। गेहूं और धान से दूर जाने की अनुमति नहीं देकर ये यूनियनें न केवल किसानों को नए बाजार तलाशने से रोक रही हैं, बल्कि भूजल तनाव भी बढ़ा रही हैं।

## मिला जुला

### एक नजर

#### महाराष्ट्र के पूर्व सीएम और शिवसेना के दिग्गज नेता मनोहर जोशी का निधन



महाराष्ट्र के पूर्व सीएम और शिवसेना वरिष्ठ नेता मनोहर जोशी का निधन हो गया है. उन्होंने मुंबई के हिंदुजा अस्पताल में अंतिम सांस ली जहां उन्हें हार्ट अटैक आने के बाद भर्ती कराया गया था. 21 फरवरी को 86 साल के मनोहर जोशी की तबियत ज्यादा बिगड़ने लगी तो परिजन उन्हें लेकर तुरंत हिंदुजा अस्पताल में पहुंचे. आईसीयू में डॉक्टरों की एक टीम उनके स्वास्थ्य पर लगातार नजर बनाए हुए थी. शुक्रवार तड़के 3.02 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली. मनोहर जोशी का शव दोपहर 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रूपारेल कॉलेज, माटुंगा पश्चिम में उनके वर्तमान निवास पर अंतिम दर्शन करने रखा जाएगा. दोपहर 2 बजे उनकी शवयात्रा यात्रा शुरू होगी. राजकीय सम्मान के साथ दादर श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा.

#### गाजा में जंग रोकने के विरोध में यूएन ने किया वीटो तो भड़के मुस्लिम देश

इजराइल और हमास में जोरदार जंग जारी है। गाजा पट्टी युद्ध का मैदान बनी हुई है। इसी बीच गाजा में सीजफायर को लेकर यूएन में एक प्रस्ताव लाया गया, जिसके विरोध में अमेरिका ने वीटो कर दिया। इस पर मुस्लिम देश भड़क गए हैं। सऊदी अरब तो अमेरिका से नाराज होकर भारत के समर्थन में आ गया है। सऊदी अरब ने यूएन सुरक्षा परिषद में भारत की दावदेदारी का समर्थन किया है। UN सुरक्षा परिषद में सुधारों की मां लगातार उठ रही हैं। भारत ने भी यूएन के वर्तमान समय में अस्तित्व पर सवाल उठाए हैं। लंबे समय से भारत इस बात की लड़ाई लड़ रहा है कि एक लोकतांत्रिक विकासशील देश होने के नाते, जिसकी जनसंख्या 140 करोड़ है, वह यूएन में स्थाई दावेदारी लंबे समय से करता आ रहा है।

### वाराणसी में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# भारत का युवा ही देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के वाराणसी दौरे का आज दूसरा दिन है. आज पीएम मोदी बनारस हिंदू विश्वविद्यालय पहुंचे. इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि जिस काशी को समय से भी प्राचीन कहा जाता है, जिसकी पहचान को युवा पीढ़ी जिम्मेदारी से सशक्त कर रही है. ये दृश्य हृदय में संतोष भी देता है, गौरव की अनुभूति भी कराता है और यह विश्वास भी दिलाता है कि अमृत काल में सभी युवा देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे.

पीएम मोदी ने बीएचयू में अपने संबोधन की शुरुआत 'नमः पार्वती पतये हर–हर महादेव' मंत्र से की. पीएम मोदी ने कहा कि काशी सर्व विद्या की राजधानी है. आज काशी में चारों तरफ विकास का डमरू बज रहा है, यहां पर आज करोड़ों रुपए की योजनाओं की शुरुआत हुई है. पीएम मोदी ने कहा कि काशी नें करने वाले तो सिर्फ महादेव हैं. पीएम ने कहा कि काशी में पिछले 10 सालों में विकास के जो भी कामकाज हुए हैं, उसे लेकर आज दो किताबें लॉन्च की गई हैं. इन किताबों में काशी के 10 साल की विकास यात्रा के हर पड़ाव और यहां की संस्कृति का वर्णन किया गया है.



#### 'काशी में करने वाले महादेव

पीएम मोदी ने कहा कि काशी में कुछ भी करने वाले तो सिर्फ महादेव हैं, हम सब तो निमित मात्र हैं. जहां महादेव की कृपा हो जाती है, वह धरती ऐसे ही समृद्ध हो जाती है. इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या धाम के साथ ही संयुक्त अरब अमीरात में पहला हिंदु मंदिर बना है, अब काशी की आभा वैश्विक मंच पर किस रूप में सांस्कृतिक रूप से बुलंद हो रही है, संयुक्त अरब अमीरात में बना हुआ मंदिर भी इसका एक नया उदाहरण है.बता दें कि इससे पहले पीएम ने वाराणसी के स्वतंत्रता भवन में सांसद संस्कृत प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार बांटे. इस कार्यक्रम में पीएम मोदी के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे.

### सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

# 'नीतियां लागू करना कार्यपालिका का अधिकार, अदालतें निर्देश नहीं दे सकतीं'

नई दिल्ली. सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सरकार की नीतियों और योजनाओं की न्यायिक समीक्षा का दायरा बहुत सीमित होता है और अदालतें सरकार को कोई नीति या योजना लागू करने का निर्देश नहीं दे सकती।



सुप्रीम कोर्ट ने यह अहम टिप्पणी एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान की। दरअसल सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर कर मांग की गई थी कि सुप्रीम कोर्ट केंद्र सरकार और सभी राज्य सरकारों को निर्देश दे कि देशभर में भुखमरी और कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए जगह–जगह सामुदायिक रसोई बनाई जाएं। याचिका में दावा किया गया है कि देश में हर दिन पांच साल से कम उम्र के कई बच्चों की भुखमरी और कुपोषण से मौत हो जाती है और यह मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। साथ ही ये भोजन के अधिकार का भी उल्लंघन है। याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ ने ऐसा कोई भी निर्देश देने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा कि भुखमरी और कुपोषण से निपटने के लिए केंद्र और राज्य सरकारें पहले ही राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून और अन्य कल्याणकारी योजनाएं लागू कर चुकी हैं। पीठ ने कहा कि %यह सर्वविदित है कि नीतिगत मामलों की न्यायिक समीक्षा का दायरा बहुत सीमित है। अदालतें किसी नीति या योजना की उपयुक्तता की जांच नहीं करती हैं और न ही कर सकती हैं। न ही अदालतें नीति के मामलों में कार्यपालिका की सलाहकार हैं।' पीठ ने कहा कि 'नीतियां लागू करने का अधिकार कार्यपालिका के पास है।'

## चंद्रमा के साउथ पोल पर उतरा पहला प्राइवेट स्पेसक्राफ्ट, अमेरिकी कंपनी ने इतिहास रचा

**वॉशिंगटन.** अमेरिका की ह्यूस्टन बेस्ड प्राइवेट कंपनी इंट्यूटिव मशीन्स का लैंडर ओडिसियस चंद्रमा के साउथ पोल पर लैंड हो गया है। इसे 15 फरवरी 2024 को लॉन्च किया गया था। भारतीय समय के मुताबिक, 4 बजकर 53 मिनट पर स्पेसक्राफ्ट की लैंडिंग हुई। इसी के साथ ओडिसियस मून लैंडिंग करने वाला किसी प्राइवेट कंपनी का पहला स्पेसक्राफ्ट बन गया है। वहीं, अमेरिका दूसरा देश है जो चंद्रमा के साउथ पोल पर उतरा। इससे पहले 23 अगस्त 2023 को भारत के चंद्रयान–3 की साउथ पोल पर सफल लैंडिंग हुई थी।



लैंडिंग से पहले ओडिसियस के नेविगेशन सिस्टम में कुछ खराबी आई थी। इसके बावजूद लैंडिंग कराई गई। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, लैंडिंग के बाद ओडिसियस की जानकारी नहीं मिली है। उससे संपर्क भी नहीं है, लेकिन मिशन के डायरेक्टर टिम क्रेन ने कहा कि हम बिना किसी संदेह के कह सकते हैं कि ओडिसियस चांद की सतह पर मौजूद है।

### गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का मामला

# मानहानि मामले में राहुल गांधी की झारखंड हाईकोर्ट से याचिका खारिज

मानहानि मामले में झारखंड हाई कोर्ट से राहुल गांधी को झटका लगा है. बीजेपी नेता नवीन झा ने 28 अप्रैल, 2018 को रांची कोर्ट में राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज करवाया था. राहुल ने निचली आदलत के फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी.

**कांग्रेस** सांसद राहुल गांधी को शुक्रवार को बड़ा झटका लगा है. मानहानि मामले में उनकी याचिका को झारखंड हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया है. ये गृह मंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने से जुड़ा मामला है. राहुल गांधी निचली अदालत की ओर से जारी किए गए समन के खिलाफ हाई कोर्ट पहुंचे थे. दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत में फैसला सुरक्षित रख लिया गया था. कोर्ट ने याचिका पर फैसला सुनाते हुए उसे खारिज कर दिया. पिछले महीन झारखंड हाई कोर्ट ने राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई करते हुए निचली अदालत के रिकॉर्ड मांगे थे. याचिका में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ गांधी की कथित अपमानजनक टिप्पणी पर बीजेपी के एक कार्यकर्ता द्वारा दायर मानहानि मामले में रांची जिला कोर्ट की ओर से पारित आदेश को रद्द करने की मांग की गई थी.



#### साल 2018 में दायर की गई थी शिकायत

बीजेपी नेता नवीन झा ने 28 अप्रैल, 2018 को रांची कोर्ट में राहुल गांधी के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी. उन्होंने आरोप लगाया था कि 18 मार्च 2018 को कांग्रेस के प्लेनरी सेशन में राहुल गांधी ने बीजेपी के खिलाफ भाषण दिया था और शाह को हत्या का आरोपी बताया था. शिकायत में कहा गया था कि गांधी द्वारा दिया गया बयान न केवल झूठा था बल्कि यह उन सभी कार्यकर्ताओं, समर्थकों और नेताओं का अपमान है जो भारतीय जनता पार्टी के लिए निस्वार्थ भाव से काम कर रहे हैं. इसके बाद रांची की मजिस्ट्रेट कोर्ट ने झा की शिकायत को खारिज कर दिया था. इसके बाद उन्होंने रांची के न्यायिक आयुक्त के सामने आपराधिक पुनरीक्षण याचिका दायर की थी. रांची न्यायिक आयुक्त ने 15 सितंबर, 2018 को पुनरीक्षण याचिका की अनुमति दे दी थी.

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने कैम्पा योजना के तहत् बम्बू सेटम स्थापना के लिए किया शुभारंभ

** खंडसा ग्राम में कैम्पा योजना अंतर्गत बम्बू सेटम का किया स्थापना * वर्तमान में 32 प्रजाति के बांस पौधों का रोपण किया गया*

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कुनकुरी विकासखंड के खंडसा ग्राम में कैम्पा योजना अंतर्गत बम्बू सेटम की स्थापना किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष शांति भगत,भारत सिंग, सहाय, डीडीसी अनिता सिंग और जिला पंचायत उपाध्यक्ष उपेंद्र यादव उपस्थित थे। खंडसा में वर्तमान में 32 प्रजाति के बांस पौधों का रोपण किया गया। इस बांस वाटिका से न केवल स्थानीय लोग बांस के विभिन्न प्रजातियों से परिचित होंगे बल्कि उसके उपयोग को भी जानेंगे साथ ही ईको टूरिज्म को बढ़ावा भी मिलेगा। इस वाटिका में कृष्ण बांस, जाएगसिया, 30 मीटर के बांस, आदि विशिष्ट बांस प्रजाति का प्रदर्शन है। चीन के बाद भारत दूसरा बड़ा देश है जहां बांस का उत्पादन अधिक होता है। बांस एक महत्वपूर्ण पौधा। जिसका उपयोग औषधि के रूप में भी होता है और इसके गुणों के कारण इसे प्राकृति वायु शोधक भी माना गया है। बैंबू सिटम का उद्देश्य देश भर में बांस की जितनी भी प्रजातियां पाई जाती हैं उनका एक स्थान पर संरक्षण करना है। इस उद्देश्य की पूर्ति करते हुए अभी तक देश भर में पाई जाने वाले 32 तरह के बांस के पौधे यहां मायली नेचर पार्क में लगाये गए हैं। ऐसे ही बहुउपयोगी बांस की विभिन्न प्रजातियों के संरक्षण का कार्य मायली नेचर पार्क में किया जा रहा है। जहां 2 हेक्टेयर के क्षेत्र में बैंबू सिटम यानी जहां बांस की विभिन्न प्रजातियों को एकत्रित करके रोपा गया है। बैंबू सिटम के द्वारा स्वसहायता समूहों के सदस्यों को बांस के विभि-?न सजावटी उत्पादों को बनाने का प्रशिक्षण भी दिया जावेगा। जिससे लोग बांस की कलाकृतियों को बनाना सीखें और स्वरोजगार से जुड़ सकें। वर्तमान में शासन द्वारा भी बांस को संरक्षित करने व इससे बनने वाले उत्पादों को बढ़ावा देने का प्रयास हो रहा है। इस बैंबू सिटम में असम, मेघालय, ओडिशा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्यप्रदेश के विभिन्न स्थानों से लाई गई बांस की अलग-अलग प्रजातियों को रोपा गया है। इसके अलावा भी लोकल प्रजाति को भी परिसर में अधिकांश तौर पर लगाकर इसका संरक्षण किया जा रहा है। मालूम हो कि बैंबू सिटम में भालूका बांस, कटंग बांस, बर्मा, इंडियन टिंबर, टालन, थाई सिल्क, माल, नारंगी, देव, जाटी, कामन बांस, पीला, लोटा, बालन, जायंट, वेलवेट लीफ , टामा, भालू, लांग शीथ, लाठी, अंडमान बेल बांस, स्वीट बैंबू, कोलंबियन टिंबर, बैरी, हाथी, क्लंपिंग, इंग्लिश, असमी, काला, बिजली, तीर, मरिहल, सफेद, गैंबल, एवरग्रीन बांसों की प्रजातियों को लगाया गया है। भविष्य में लगभग 100 प्रजाति के बांस का रोपण किया जावेगा। इस प्रकार से मायली नेचर पार्क को एक नई पहचान मिलेगी और पर्यटन का विकास भी होगा। खांडसा ग्राम को बांस ग्राम के रूप में पहचाना जावेगा। सरकार की वृक्ष मित्र योजना के तहत खांडसा ग्राम वासी बांस के पौधो को अपने खेतों में लगाकर योजना लाभ लेने हेतु भी तत्पर दिखे।





**चीन के बाद भारत दूसरा बड़ा देश है जहां बांस का उत्पादन होता है अधिक**




## घर के बाहर खड़ी एक्टिवा पार

**रायपुर** ।ज्योति नगर चौक मठपुरैना में घर के बाहर खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विवेक जैन 30 वर्ष ज्योतिनगर चौक मठपुरैना का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 04 एलएन 8609 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दी। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्ष भिड़े

**रायपुर** । ऐश्वर्या किंडम कचना में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थी रामजी पटेल 64 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी देव सनानत में पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी देव साननत सेना 25 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी रामजी पटेल, सोनी व देवराज ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## सरेआम शराब पीते 34 गिरफ्तार

**रायपुर** । राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 34 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कोतवाली पुलिस ने गांधी मैदान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी मोहन साहू 58 वर्ष एवं पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी अमरकांत साहू 33 वर्ष व सुनील सिंह 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह उरला पुलिस ने आरोपी अर्जून निषाद 19 वर्ष, संतु कुमार सिंह 36 वर्ष, रूस्तम गिरी 22 वर्ष व असमेंदु कोसले 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं डीडीनगर पुलिस ने आरोपी रोहित पटेल 20 वर्ष, डेविड मसीह 20 वर्ष व उमाकांत शर्मा 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गंज पुलिस ने आरोपी डेरहाराम साहू 35 वर्ष व संतोष कुमार 43 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मौदहापारा पुलिस ने आरोपी विवेक केसरी 33 वर्ष, विदित सिंघानिया 33 वर्ष, नरेंद्र बेहरा 26 वर्ष व पापुनी खिलार 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी दीनेश केंवट 36 वर्ष व चंद्रदेव पण्डित 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# कलेक्टर ने अपूर्ण प्रधानमंत्री आवास का किया निरीक्षण,हितग्राहियों से की चर्चा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटघोरा सहित आंगनबाड़ी केंद्र और स्कूल का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

कलेक्टर अजीत वसंत ने विकासखंड कटघोरा अंतर्गत ग्राम हुंकरा और सलोरा में अपूर्ण प्रधानमंत्री आवास का निरीक्षण किया। उन्होंने पीएम आवास के हितग्राहियों टिकैत राम, इंदर कुमार, मुकेश कुमार आदि से चर्चा की और निर्माणाधीन आवास को शीघ्र पूरा करने कहा। कलेक्टर ने पीएम आवास में नल-जल, शौचालय के संबंध में निर्देश देते हुए आवास निर्माण के दौरान गुणवत्ता पर भी ध्यान देने कहा। कलेक्टर ने ग्राम सलोरा और हुंकरा में आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कार्ड बनाने के कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश देते हुए ग्रामीणों को इसके फायदे बताए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण आयुष्मान कार्ड बनाने से न चूकें और उन्हें आयुष्मान कार्ड से मिलने वाले फायदे की जानकारी हो, इसके लिए दीवार लेखन कराई जाए। कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटघोरा का निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडीए लेबर रूम सहित मरीजों के वार्ड का अवलोकन किया। कलेक्टर ने जेनेरिक दवाई दुकान और केंद्रीय औषधि केंद्र का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि मरीजों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर दुकान में कम कीमत पर उपलब्ध जेनेरिक दवाइयां पर्याप्त मात्रा में रखें। उन्होंने केंद्रीय औषधि सेंटर में भी शासन के निर्देशों के तहत दवाईयां उपलब्ध रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जीवनदीप समिति अंतर्गत निर्माणाधीन व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स के संबंध में भी चर्चा की। कटघोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में संचालित पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने बच्चों की कम संख्या को बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने एनआरसी में सफाई व्यवस्था ठीक रखने और मेन्यू के अनुसार पोषण आहार प्रदान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एनआरसी में भर्ती बच्चों के माताओं को दी जाने वाली राशि को समय पर उनके खाते में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र सलोरा और हुंकरा का निरीक्षण किया और निर्देशित कि आंगनबाड़ी केंद्र समय पर संचालित हो। आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान पूरे परिसर का अवलोकन करते हुए केंद्र में दर्ज बच्चों की संख्या, कुपोषित बच्चों की जानकारी, खेल सामग्री, बच्चों की दी जाने वाली गर्म भोजन, ग्रोथ चार्ट,पोषण ट्रेकर ऐप में एंट्री की जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी में बच्चों को अक्षर ज्ञान एवं प्रारंभिक शिक्षा भी गम्भीरता से प्रदान करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने केंद्र में बच्चों के लिए तैयार किए गर्म भोजन का अवलोकन किया। केंद्र में बच्चों की उपस्थिति पर्याप्त होने के साथ ही समय पर मेन्यू के अनुसार भोजन तथा अन्य पोषण आहार उपलब्ध कराने, खेल गतिविधियों को बढ़ाने, पोषण वाटिका का निर्माण करने और अध्यापन के भी निर्देश दिए। उन्होंने प्राथमिक शाला हुंकरा में बच्चों से सवाल-जवाब कर अध्यापन के स्तर को परखा और कक्षा में तीन में जाकर विद्यार्थियों से पहाड़ा पूछे, बच्चो द्वारा आठ का पहाड़ा नहीं बता पाने पर उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई का महत्व बताया और कहा कि नियमित अभ्यास करने से सफलता मिलती है, आप सभी अच्छे से पढ़ाई करें और आगे बढ़ें। उन्होंने प्रधानपाठक सहित शिक्षकों को बच्चों के अध्यापन पर ध्यान देने और अभ्यास कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मध्यान्ह भोजन मेन्यू के अनुसार प्रदान करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, जनपद पंचायत कटघोरा के सीईओ यशपाल सिंह, बीएमओ रूद्र प्रताप सिंह कंवर आदि उपस्थित थे।





## संक्षिप्त समाचार

## पीएम सूर्य घर योजनाः 300 यूनिट तक मिलेगी मुफ्त बिजली

* योजनांतर्गत हितग्राहियों को प्राप्त होगी केन्द्रीय शासन का अनुदान

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पीएम सूर्य घर योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के माध्यम से देश में सोलर एनर्जी को बढ़ावा देने की पहल की गई है। योजना के जरिए देश में रह रहे लाभार्थियों को 300 यूनिट तक फ्री बिजली प्रदान की जाएगी।

वर्तमान में देश में रह रहे करोड़ों लोगों को बिजली बिल से परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पीएम सूर्य घर योजना के माध्यम से लोग अपनी बिजली का बचत कर सकेंगे और सोलर सिस्टम के जरिए बिजली प्राप्त कर सकेंगे। इस योजना के माध्यम से देश में केंद्र सरकार ने 75000 करोड़ का बजट तय किया गया है एवं एक करोड़ घरों को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य तैयार किया गया है। इस योजना के जरिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। योजना के लाभार्थियों को सब्सिडी दी जायेगी और इसे सीधे हितग्राही के बैंक खाते में ट्रांसफर किया जाएगा। लोगो के बैंक खातों में सीधे दी जाने वाली सब्सिडी से लेकर भारी रियायती बैंक ऋण तक केन्द्र सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि लोगों पर लागत का कोई बोझ न पड़े।

पीएम सूर्य घर योजना के लिए आवेदक को भारत का निवासी होना चाहिए एवं उसके आधार कार्ड बैंक खाते से लिंक होना चाहिए। आवेदक को मोबाइल नंबर, बिजली बिल उपभोक्ता क्रमांक, ई-मेल आईडी बैंक खाता देना होगा। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए क्रेडा विभाग, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### आवेदन की प्रक्रिया

पीएम सूर्य घर योजना के लिए फर्स्ट स्टेप में आवेदक सबसे पहले पोर्टल पर नियमानुसार रजिस्टर/ पंजीयन करें। पीएम सूर्य घर योजना की वेबसाईट www.pmsuryaghar.gov.in पर जाकर अपना राज्य चूने। फिर इलेक्ट्रीसिटी कंपनी चूने, अब इलेक्ट्रीसिट कन्ज्यूमर नंबर का चुनाव करें, मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी प्रवृष्ट करें। सेकेण्ड स्टेप में कन्ज्यूमर नंबर और मोबाइल नंबर से लाग-इन करें, अब रूफटॉप सोलर के लिए आवेदन करें। थर्ड स्टेप में अप्रूवल के लिए इंतजार करें एवं अपने डिस्कॉम (विद्युत विभाग)में किसी भी पंजीकृत विक्रेता से प्लांट लगवाएं। चौथा स्टेप में एक बार इंस्टॉलेशन पूरा हो जाने पर प्लांट का विवरण जमा करें और नेट मीटर के लिए आवेदन करें। पांचवां स्टेप में नेट मीटर की स्थापना और डिस्कॉम द्वारा निरीक्षण के बाद पोर्टल से पूर्णता/कमिशनिंग प्रमाण-पत्र प्रदाय किया जाएगा। छठवां स्टेप में जब एक बार पूर्णता/कमिशनिंग रिपोर्ट मिल जाएगा, तब आप अपना बैंक अकाउंट विवरण तथा निरस्त चेक पोर्टल के माध्यम से जमा कर दें इसके बाद तीस दिनों के भीतर ही सब्सिडी प्राप्त हो जाएगी।

### योजनांतर्गत हितग्राहियों को प्राप्त होने वाले केन्द्रीय शासन का अनुदान

पीएम सूर्य घर योजना अंतर्गत हितग्राहियों को प्राप्त होने वाले केन्द्रीय शासन अनुदान के तहत औसत मासिक विद्युत खपत (यूनिट)के तहत 0-150, उपयुक्त रूफटॉप सोलर प्लाट क्षमता 1-2 कि.वां. के लिए 30 से 60 हजार तक अनुदान दिया जाएगा। इसी तरह 150-300 यूनिट के लिए 2-3 कि.वां.क्षमता हेतु 60 हजार से 78 हजार एवं 300 यूनिट के लिए 3 कि.वां. से अधिक हेतु 78 हजार का अनुदान का प्रावधान है।

## प्राकृतिक आपदा में जनहानि के मामलों में प्रभावित परिजन हेतु 04 लाख की राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामलों में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6.4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसमें बगीचा तहसील अंतर्गत ग्राम कुरोंग निवासी सुरेश राम का कुआं के पानी में डूबने से 30 सितम्बर 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पत्नी देववती बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

विकसित भारत संकल्प

## पीएम नरेन्द्र मोदी 12 बजे हितग्राहियों से करेंगे वर्चुअल संवाद

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 12.30 बजे वर्चुअल कार्यक्रम में जिले के हितग्राहियों से वर्चुअल संवाद करेंगे। जिला प्रशासन द्वारा जिले के तीनों विधानसभा में 24 फरवरी 2024 को प्रातः 9.30 बजे से वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। वर्चुअल कार्यक्रम विधानसभा क्षेत्र जशपुर में शास विजय भूषण सिंह देव कन्या महाविद्यालय ग्राउण्ड जशपुर, विधानसभा क्षेत्र कुनकुरी में मिनी स्टेडियम सलियाटोली कुनकुरी और विधानसभा क्षेत्र पत्थलगांव में हाईस्कूल ग्राउण्ड पत्थलगांव में आयोजित है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़' कार्यक्रम को करेंगे संबोधित

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छत्तीसगढ़ के 34 हजार 400 करोड़ के परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण व शिलान्यास

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 फरवरी 2024 को दोपहर 12.30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 'विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़' कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यक्रम के दौरान 34,400 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। ये परियोजनाएँ सड़क, रेलवे, कोयला, बिजली और सौर ऊर्जा सहित कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों को पूरा करती हैं। रायगढ़ जिले सहित प्रदेश के सभी विधानसभा में कार्यक्रम का वर्चुअल आयोजन किया जाएगा। रायगढ़ में जिला मुख्यालय के शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में वर्चुअल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल होने केंद्रीय विद्युत एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर दिल्ली से रायगढ़ पहुंच रहे हैं। प्रदेश के वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम के लारा सुपर ताप विद्युत परियोजना चरण-I (2×800 मेगावाट) को राष्ट्र को समर्पित करेंगे और छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम के लारा सुपर ताप विद्युत परियोजना चरण-II (2×800 मेगावाट) की आधारशिला रखेंगे। राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम के लारा सुपर ताप विद्युत केंद्र के चरण-I को लगभग 15,800 करोड़ रुपये के निवेश से बनाया गया है और परियोजना के चरण-II का निर्माण चरण-I परिसर की उपलब्ध भूमि पर किया जाएगा। इस प्रकार विस्तार के लिए अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता नहीं होगी और इसमें 15,530 करोड़ रुपये का निवेश होगा। अत्यधिक कुशल सुपर क्रिटिकल तकनीक (चरण-I के लिए) और अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल तकनीक (चरण-II के लिए) से सुसज्जित, यह परियोजना कम विशिष्ट कोयला खपत और कम कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन सुनिश्चित करेगी। जबकि चरण-I और चरण-II दोनों से 50 प्रतिशत बिजली छत्तीसगढ़ राज्य को आवंटित की जाएगी। यह परियोजना गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गोवा, दमण और दीव, दादरा और नगर हवेली सहित अन्य जैसे कई अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में बिजली व्यवस्था में सुधार करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

*** प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम के लारा सुपर ताप विद्युत परियोजना चरण-I को राष्ट्र को करेंगे समर्पित**

*** रायगढ़ के शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में होगा वर्चुअल आयोजन**







प्रधानमंत्री साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की तीन प्रमुख फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी (एफएमसी) परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, जिनकी कुल लागत 600 करोड़ रुपये से अधिक है। ये परियोजनाएं कोयले की तेज, पर्यावरण-अनुकूल और कुशल मशीनीकृत निकासी में मदद करेंगे। इन परियोजनाओं में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के दीपका क्षेत्र में दीपका ओसीपी कोल हैंडलिंग प्लांट, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के रायगढ़ क्षेत्र में छाल और बरौद ओसीपी कोल हैंडलिंग प्लांट शामिल हैं। एफएमसी परियोजनाएं पिथेड से साइलो, बंकर और कन्वेयर बेल्ट के माध्यम से तेजी से लोडिंग सिस्टम से सुसज्जित कोयला हैंडलिंग संयंत्रों तक कोयले की मशीनीकृत आवाजाही सुनिश्चित करती हैं। ये परियोजनाएँ सड़क के माध्यम से कोयले के परिवहन को कम करके, कोयला खदानों के आसपास यातायात की भीड़, सड़क दुर्घटनाओं और पर्यावरण और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभावों को कम करके कोयला खदानों के आसपास रहने वाले लोगों की जीवन स्थितियों को सुगम बनाने में सहायता करेंगी। इससे पिट हेड से रेलवे साइडिंग तक कोयला ले जाने वाले ट्रकों द्वारा डीजल की खपत को कम करके परिवहन लागत में भी बचत होगी।

प्रधानमंत्री क्षेत्र में नवीकरणीय ऊर्जा के उत्पादन को प्रोत्साहन देने के लिए एक कदम के रूप में राजनांदगांव में लगभग 900 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सौर पीवी परियोजना का उद्घाटन करेंगे। परियोजना सालाना अनुमानित 243.53 मिलियन यूनिट बिजली पैदा करेगी और 25 वर्षों में लगभग 4.87 मिलियन टन कार्बन डाइ ऑक्साइड के उत्सर्जन को कम करेगी, जो उसी अवधि में लगभग 8.86 मिलियन पेड़ों द्वारा अवशोषित कार्बन के बराबर है।

प्रधानमंत्री क्षेत्र में रेल बुनियादी ढांचे को मजबूत करते हुए लगभग 300 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले बिलासपुर-उसलापुर फ्लाईओवर का लोकार्पण करेंगे। इससे यातायात की भारी भीड़ कम हो जाएगी और बिलासपुर से कटनी की ओर जाने वाला कोयला ले जाने वाला यातायात समाप्त हो जाएगा। प्रधानमंत्री भिलाई में 50 मेगावाट का सौर ऊर्जा संयंत्र भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इससे रेलगाड़ियों को चलाने में सौर ऊर्जा के उपयोग में सहायता मिलेगी।

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-49 के 55.65 किलोमीटर लंबे खंड को पक्के किनारों के साथ दो लेन में पुनर्वास और उन्नयन कार्य का उद्घाटन करेंगे। यह परियोजना दो महत्वपूर्ण शहरों बिलासपुर और रायगढ़ के बीच संपर्क को बेहतर बनाने में सहायता करेगी। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-130 के 52.40 किलोमीटर लंबे खंड को पक्के किनारों के साथ दो-लेन में पुनर्निर्मित और उन्नत करने के कार्य का भी शुभारंभ करेंगे। यह परियोजना अंबिकापुर शहर के रायपुर और कोरबा शहर के साथ संपर्क को बेहतर बनाने में मदद करेगी और क्षेत्र की आर्थिक वृद्धि को प्रोत्साहन प्रदान करेगी।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल व पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने आयोजन स्थल का निरीक्षण कर कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूपरेखा दी। उन्होंने स्थल में प्रवेश द्वार, ट्रैफिक एवं पार्किंग व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया। इसी के साथ पंडाल में बैठक व पेयजल व्यवस्था के संबंध में भी सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान विभागों द्वारा योजनाओं के प्रदर्शन संबंधी स्टाल भी लगाए जा रहे हैं। कलेक्टर गोयल ने विभागों को सारी तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश दिए।

# पमशाला में व्यसन और मानसिक स्वास्थ्य पर एक दिवसीय सेमिनार का किया आयोजन

पारंपारिक आस्था चिकित्सकों, धार्मिक विद्वानों, जन प्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने लिया भाग

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।






मुख्यमंत्र विष्णुदेव साय के धर्मपत्नी एवं जिले के प्रथम महिला कौशल्या देवी मार्गदर्शन और कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल के निर्देशानुसार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा ग्राम पमशाला ब्लॉक फरसाबहार में पारंपरिक आस्था चिकित्सकों, धार्मिक विद्वानों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए व्यसन और मानसिक स्वास्थ्य पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया।

सेमिनार में लगभग 6 से 7 सौ प्रतिभागियों ने भाग लिया। पारंपारिक आस्था चिकित्सक मुख्य रूप से बैगा, नयाग बैगा, कवर, गोंड और नागेशिया आदिवासी समुदायों से संबंधित थे। साथ ही हिंदू, ईसाई और मुस्लिम जैसे विभिन्न धर्मों के धार्मिक विद्वान, पंचायती राज के कुछ जन प्रतिनिधी, गैर.सरकारी संगठनों के विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य व्यक्तियों ने इस सेमिनार में सक्रिय रूप से भाग लिया। सेमिनार के उप विषय मानसिक विकारों के कारण, मानसिक विकार वाले लोगों के लिए विभिन्न प्रकार के कलंक, जैसे व्यक्तिगत, सामाजिक और संस्थागतय मानसिक विकार वाले लोगों के प्रति पूर्वाग्रह, भेदभाव और रूढ़िबद्ध रवैया, मानसिक विकारों के लिए औषधीय और मनोचिकित्सीय हस्तक्षेप के बारे में जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएस पैंकरा, मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर डॉ.एफ खाखा, मेडिसिन विशेषज्ञ एवं नोडल अधिकारी, एनएमएचपी, डॉ.अबरार खान मनोवैज्ञानिक, प्रभारी सलाहकार, एनएमएचपी, और विवेक कुजूर वरिष्ठ मनोरोग नर्सिंग अधिकारी ने उप.विषयों पर व्याख्यान दिया। डॉ.आर. एस. पैंकरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि नशा भारतीय संस्कृति का हिस्सा नहीं है, यह स्वतंत्रता के पूर्व अंग्रेजों एवं अन्य विदेशी ताकतों के द्वारा भारत में निर्यात किया गया है। नशा भारतीयता की पहचान कभी नहीं रहा है, यह पाश्चात्य संस्कृति की देन है। स्वतंत्रता के पूर्व अंग्रजो ने भारत को गुलामी के जंजीरो मे जकटे रखने हेतु युवाओं में नशा के प्रवृत्ति को बढ़ावा दियाए जिससे युवा अपने निर्णय लेने की क्षमता का सही उपयोग न कर पाये। वर्तमान समय मे समाज के सभी वर्गो एवं सभी जातियों के युवाओं नशा के प्रति लालसा तीव्र गति से बढ़ रही है, विदेशी ताकते उक्त लालसा को बढ़ने मे मुख्य रुप से जिम्मेदार है। वर्तमान समय मे विभिन्न संचार के माध्यम जैसे फिल्मए टेलीविजन, समाचार पत्रो के विज्ञापनों के माध्यम से युवाओं को नशा के प्रति अभिप्रेरित किया जा रहा है। परिणामत: युवाओं मे नशा के प्रति निर्भरता, नशा से संबंधित मानसिक रोग,नशा के कारण अपराध मे वृद्धि तेजी बढ़ रहा है। जिससे समाज में असंमाजस्य बनने की स्थिति उत्पन्न होने की आंशका है। वास्तविकता यह है किए भारत की बढ़ती आर्थिक एवं वैश्विक ताकतो को देखकर विदेशी ताकते ईश्यापूर्वक भारत के विकसित होने के राह मे रुकावटे डाल रही है। अत: आज हम सब भारतीयों को अपने भारतीय संस्कृति को अपनाना आवश्यक है, नशा का बहिष्कार हमें अपने समाज से आवश्यक रूप से करना होगा। ब्लॉक फरसाबहार की टीम के सदस्य, डॉ. विनय ब्लॉक मेडिकल ऑफि सर और सुशील ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर ने मानसिक विकारों के मिथकों और तथ्यों पर व्याख्यान दिया। सेमिनार के दौरान कई पारंपरिक आस्था चिकित्सकों और धार्मिक विद्वानों को मानसिक विकारों के लिए औषधीय और मनोचिकित्सीय उपचार विधियों के बारे में आश्वस्त किया गया। बहुत से पारंपरिक आस्था चिकित्सकों ने मानसिक विकारों के इलाज के लिए रोगियों को जिला अस्पताल में रेफर करने की इच्छा व्यक्त की। कई प्रतिभागियों ने व्यसन और मानसिक बीमारी के बारे में अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। सुश्री स्मृति एक्का डीपीएम, देवेन्द्र राठौर एएनओ, एनसीडी, राजीव प्रसाद एफ एलसी, एनसीडी,निरंजन मानिक एसएएएनएमएचपी और फ रसाबहार ब्लॉक के सभी मानव संसाधनों ने सेमिनार आयोजित किया जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**मानसिक विकारों के कारण, पूर्वाग्रह, भेदभाव और रूढ़िबद्ध रवैया सहित अन्य विषयों पर दी गई जानकारी**

मिशन 100 प्रतिशत उत्तीर्ण

# जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने ली प्राचार्यों की वर्चुअल बैठक

विद्यार्थियों की प्रतिदिन विद्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।




कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में शिक्षा की गुणवत्ता उन्नयन के लिए संचालित यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के तहत अंतिम चरण में मिशन शत प्रतिशत उत्तीर्ण का क्रियान्वयन और मॉनिटरिंग प्रभावी ढंग से किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार बोर्ड परीक्षा को लेकर काफी गंभीर दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने सभी विद्यालय में चिन्हांकित कम अच्छे विद्यार्थियों की प्रतिदिन विद्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उनके द्वारा प्रतिदिन सभी हाई और हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्राचार्यों की ऑनलाइन बैठक लेकर समीक्षा की जा रही है। यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के तहत मिशन 100 प्रतिशत उत्तीर्ण का लक्ष्य रखा गया है। इस बार शत् प्रतिशत बच्चों का बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्तीर्ण लाया जाना है। इसके लिए ऐसे चिन्हांकित बच्चों को एक, दो व तीन अंक के सीमित संख्या में अति महत्वपूर्ण प्रश्नों के विषय शिक्षक समझते हुए लिख-लिख कर अभ्यास करा रहे हैं। प्रतिदिन इन विद्यार्थियों के परीक्षा के अनुरूप अध्ययन का प्रगति और विषय टीचर के द्वारा विषयवार अध्यापन की मॉनिटरिंग किया जा रहा है। यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता से प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी चिन्हांकित विद्यार्थियों के शत् प्रतिशत परीक्षा परिणाम के लिए बोर्ड परीक्षा के ब्लूप्रिंट के आधार पर रणनीति के तहत् कार्य कराया जा रहा है। सभी हाई व हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के प्राचार्यों के साथ सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी और यशस्वी जशपुर के संजीव शर्मा, अवनीश पांडेय और संजय दास प्रतिदिन ऑनलाइन बैठक में उपस्थित हो रहे हैं। प्रतिदिन बैठक सायं 6 बजे से 7 बजे के बीच चार.चार विकासखंडों के प्राचार्यों की दो टाइम स्लॉट में ली जा रही है और विद्यार्थियों की प्रगति की समीक्षा की जा रही है। यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के तहत प्रत्येक वर्ष एक दो नई गतिविधियों को शामिल कर कार्यक्रम को और भी प्रभावी बनाने का कार्य सतत रूप से किया जाता रहा है।

# सीएम के निर्देशों का तत्काल हुआ अमल

*त्वरित किचन शेड निर्माण हेतु 8 लाख 90 हजार की दी गई है स्वीकृत , बालक छात्रावास बगिया में किचन शेड निर्माण कार्य प्रारंभ*

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।







मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के घोषणाओं और निर्देशों का जिले में तत्काल अमल किया जा रहा है।

विदित हो कि विगत् दिनों मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अपने जन्म दिन पर जिले के बालक आश्रम बगिया में न्योता भोज कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने बालक आश्रम बगिया में किचन शेड निर्माण करने हेतु संबंधित विभाग को निर्देशित किए थे। जिसके परिपालन में जिला पंचायत जशपुर द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए तत्काल कांसाबेल विकासखंड के बालक छात्रावास बगिया में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत् पंजीकृत परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु वर्ष 2023-24 की कार्ययोजना में से अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा दी गई तकनीकी स्वीकृति एवं जनपद पंचायत द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार 8 लाख 90 रूपए के लागत् से किचन शेड निर्माण हेतु स्वीकृति दी गई है। स्वीकृति अनुसार बालक छात्रावास बगिया में किशन शेड निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

# सीएचसी पत्थलगांव में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

शालेय स्वास्थ्य एवं वैलनेस कार्यक्रम अंतर्गत शिक्षकों को दी गई प्रशिक्षण



जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

पत्थलगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभा कक्ष में आज राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत शालेय स्वास्थ्य एवं वैलनेस कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण का पुलिस विभाग के डीएसपी भानु प्रताप चंद्राकर की उपस्थिति में समापन किया गया। प्रशिक्षण समापन कार्यक्रम में डीएसपी चंद्राकर द्वारा सभी शिक्षकों को सोशल मीडिया एवं इंटरनेट के उपयोग तथा साइबर क्राइम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही इससे बचने के उपाय के बारे में बताया गया। इस दौरान डीएसपी चंद्राकर के हाथों शिक्षकों को प्रशिक्षण उपरांत प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. जेम्स मिंज द्वारा सभी शिक्षकों को पांच दिवसीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर बधाइयां दी गई एवं जो प्रशिक्षण उन्हें प्राप्त हुआ है उससे अपने स्कूलों के सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को देने के लिए कहा गया। ताकि एक अच्छे, स्वस्थ एवं अपराध मुक्त समाज की स्थापना की जा सके।

**समापन कार्य म में डीएसपी भानु प्रताप चंद्राकर ने शिक्षकों को प्रशिक्षण उपरांत प्रदान किए प्रमाण.पत्र**



# लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसके अंतर्गत मैन पॉवर प्रबंधन, प्रशिक्षण प्रबंधन, स्वीप गतिविधियां हेतु नोडल अधिकारी संबित मिश्रा जिला पंचायत सीईओ, सामग्री प्रबंधन हेतु प्रतिष्ठा ममगाई निगम आयुक्त, परिवहन व्यवस्था एसडीएम कोरबा श्रीकांत वर्मा, कानूनी व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रशिक्षण, ईव्हीएम मैनेजमेंट हेतु अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग, कम्प्यूटराइजेशन, साइबर सिक्योरिटी और आईटी हेतु हेमंत कुमार जायसवाल डीआईओ एनआईसी, आदर्श आचरण संहिता एमसीसी,व्यय मॉनिटरिंग, कम्युनिकेशन प्लान, शिकायत एवं वोटर हेल्पलाइन हेतु डिप्टी कलेक्टर विकास चौधरी, बैलेट पोस्टल पेपर हेतु डिप्टी कलेक्टर गौतम सिंह, ऑब्जर्वर्स हेतु नोडल ऑफिसर वनमण्डलाधिकारी कोरबा अरविंद पीएम तथा मीडिया सर्टिफि केशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी ;एमसीएमसी, के नोडल अधिकारी पीआरओ, कमलज्योति होंगे।

# प्रापर्टी डीलर से वसूली मना करने पर आदतन बदमाश ने कर दी पिटाई

**बिलासपुर ।** पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान जिलाबदर किया गया आदतन अपराधी ऋषभ पानीकर शहर में खुलेआम घूमते हुए आतंक मचाना शुरू कर दिया है।




इस दौरान उसने एक प्रापर्टी डीलर से वसूली करने की कोशिश की और अपने साथियों के साथ मिलकर जमकर मारपीट की। उसने सरकंडा क्षेत्र में प्रापर्टी डीलर के आफिस में घुसकर अवैध वसूली और मारपीट की। मारपीट से घायल प्रापर्टी डीलर ने इसकी शिकायत सरकंडा थाने में की है। इस पर पुलिस ने आदतन बदमाश और उसके साथियों के खिलाफ अवैध वसूली और मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

दयालबंद में रहने वाले दिनेश घोरे प्रापर्टी डीलर हैं। उनका सरकंडा क्षेत्र में रहने वाले प्रापर्टी डीलर राघवेंद्र गुप्ता से लेनदेन है। गुरुवार को दिनेश अपने भाई पालू घोरे के साथ राघवेंद्र गुप्ता से मिलने के लिए उसके आफिस आए थे। वे आपस में लेनदेन की बात कर रहे थे। इसी दौरान दयालबंद में रहने वाला आदतन बदमाश ऋषभ पानीकर, उसका भाई वासू पानीकर, साथी रोहन, दीपक और अन्य लोग वहां आएं।

उन्होंने राघवेंद्र से जमीन बिक्री के रुपये मांगे। वहां पर बैठे दिनेश ने राघवेंद्र को रुपये देने से मना कर दिया। इसी बात को लेकर ऋषभ पानीकर और उसके साथियों ने दिनेश को जान से मारने की धमकी देकर पिटाई शुरू कर दी। मारपीट के बीच पालू और राघवेंद्र ने किसी तरह बीच-बचाव किया। इसके बाद घायल दिनेश ने घटना की शिकायत सरकंडा थाने में की है। इस पर पुलिस ने अवैध वसूली और मारपीट की धाराओं में जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

# मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने स्वास्थ्य केन्द्र बगिया एवं दोकड़ा का किया निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।




मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बगीया एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दोकड़ा के निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाये जाने के संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कांसाबेल के खण्ड चिकित्सा अधिकारी को तीन दिवस के अंदर अपना प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए हैं।


मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जशपुर द्वारा 17 फरवरी 2024 को रात्रि 7.45 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बगीया एवं रात्रि 8.45 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दोकड़ा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बगीया में ड्यूटी रोस्टर उपलब्ध नहीं कराया गया। ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी अपने रात्री कालीन ड्यूटी अनुपस्थित पाए गए। इस दौरान दैनिक उपस्थिति पंजी का निरीक्षण में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बगिया में कार्यरत चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऐरिक नवीन केरकेट्टा एवं डॉ आराधना कुजूर लंबे समय से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए तथा केन्द्र में बायोकेमिस्ट्री एनालाइजर की स्थापना नहीं होने के बावजूद अत्यधिक मात्रा में मशीन की रिएजेंट उपलब्ध होना पाया गया। इन सभी के विरूद्ध में कार्यवाही की गई है तो अवगत कराने के निर्देश दिए गए।

इसी प्रकार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दोकड़ा में निरीक्षण किये जाने पर कोई भी स्टाफ नही पाया गया। मोबाइल द्वारा संपर्क स्थापित कर ड्यूटी स्टाफ नर्स को बुलाया गया। इस दौरान स्टाफ नर्स द्वारा ड्यूटी रोस्टर उपलब्ध नहीं कराया गया। स्टाफ नर्स ने बताया कि वर्तमान में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दोकड़ा का प्रभारी बनाए जाने के संबंध में उन्हें जानकारी नही है।



# नवसंकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में पुलिस भर्ती की तैयारी हेतु शारीरिक प्रशिक्षण प्रारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल एवं जिला सीईओ अभिषेक कुमार के नेतृत्व में संचालित जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत नवसंकल्प शिक्षण संस्थान में छग पुलिस में सिपाही भर्ती और व्यापम हेतु नए बैच की शुरुआत 16 फरवरी से की गई है। ज्ञातव्य है कि पुलिस भर्ती हेतु वर्तमान में पुलिस विभाग के आधिकारिक वेबसाइट में फॉर्म भराया जा रहा है, भर्ती प्रक्रिया में पहले फिजिकल राउंड आयोजित किया जाएगा। फिजिकल राउंड में 800 मी.दौड़ 100 मी. दौड़, गोला फेंक, ऊंची कूद और लम्बी कूद होगी, इसमें पास होने वाले अभ्यर्थी ही लिखित परीक्षा में सम्मलित हो सकेंगे। इन सभी इवेंट्स के लिए संस्थान के द्वारा जिला पुलिस कप्तान शशि मोहन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप, रक्षित निरक्षक अमरजीत खूंटे के मार्गदर्शन में प्रति दिन प्रात: 6 बजे से पुलिस ग्राउंड में पीटीआई अमित प्रजापति की उपस्थिति में तैयारी करायी जा रही है। जहां छात्रों को स्टैमिना बिल्डिंग, दौड़ने का सही तरीका, स्ट्रेंथ ट्रेनिग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वर्तमान में संचालित यह बैच 4 माह संचालित होगी, जिसमें छात्रों को प्रति दिन सुबह फिजिकल ट्रेनिंग, तत्पश्चात 5 कक्षाएं, न्यूज पेपर, साप्ताहिक टेस्ट, करेंट अफेयर्स मैगजिन, क्विज आदि के माध्यम से लिखित परीक्षा और फिजिकल दोनों की तैयारी करायी जा रही है, ऐसे छात्र जिन्होंने अब तक संस्थान में पुलिस बैच में एडमिशन नहीं लिया और फिजिकल की तैयारी करना चाहते हैं वह भी नवसंकल्प से जुड़ कर इस तैयारी से जुड़ सकते हैं। नए बैच में कुल 120 छात्रों ने एडमिशन लिया है, जिसमें से 55 छात्र हॉस्टलर और बाकी छात्र डे.स्कॉलर के रूप में नियमित क्लास आ रहे हैं।



## वेब सीरीज महारानी 3 का दमदार ट्रेलर जारी, दमदार अंदाज में दिखीं हुमा कुरैशी



हुमा कुरैशी की मचअवेटेड वेब सीरीज महारानी 3 का ट्रेलर रिलीज हो गया है. इस ट्रेलर में एक बार फिर से हुमा कुरैशी दमदार रोल में वापसी कर रही हैं. ट्रेलर की शुरुआत जेल से होती है जहां पर रानी भारती से नेता बात करते हुए नजर आ रहे हैं. ट्रेलर में रानी भारती की सत्ता में वापसी और जेल से वापस बाहर आने की जद्दोदहज दिखाई गई है. इस ट्रेलर के साथ ही इसकी ओटीटी स्ट्रीमिंग का ऐलान भी कर दिया गया है. इस ट्रेलर में बिहार में जहरीली शराब का आतंक दिखाया गया है. इसमें दिखाया गया है कि जहरीली शराब पीकर कई लोगों की मौत हो गई है. इस ट्रेलर में रानी दमदार डायलॉग बोलते हुए भी नजर आई, जो उनके फैंस को इंप्रेस कर रहा है।



# प्रचंड अशोक में विषकन्या के रूप में नजर आएंगी एक्ट्रेस मायरा मिश्रा

शो प्रचंड अशोक में शामिल होने को लेकर एक्ट्रेस मायरा मिश्रा बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक प्रेम कहानी का हिस्सा बनकर वह खुद को सौभाग्यशाली मानती हैं। वह शो में कैमियो भूमिका निभाएंगी।

इस शो में मायरा एक विषकन्या के रूप में नजर आएंगी।

एमटीवी स्प्लिट्सविला और उड़ान में दिखाई देने वाली एक्ट्रेस मायरा ने शो के बारे में कहा, मैं एक ऐसे शो में शामिल होकर बेहद खुश हूं, जिसने अपने शानदार दृश्यों और सम्मोहक कहानी के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। मैं इस ऐतिहासिक प्रेम कहानी का हिस्सा बनकर सौभाग्यशाली महसूस कर रही हूं। मैं लंबे समय से ऐसी भूमिका का इंतजार कर रही थी।

मायरा ने कहा, हालांकि, विषकन्या के रूप में मेरी भूमिका छोटी है लेकिन यह जबरदस्त है। मैं दर्शकों को अपनी भूमिका से शो में होने वाले उतार-चढ़ाव का अनुभव कराने के लिए इंतजार नहीं कर सकती।

सम्राट अशोक के रूप में अदनान खान और राजकुमारी कौरवकी के रूप में मल्लिका सिंह अभिनीत, यह शो एक ऐतिहासिक प्रेम कहानी को दिखाता है।

वर्तमान कहानी में सम्राट अशोक और देवी की शादी की तैयारियों के बीच एक विषकन्या सम्राट अशोक को लुभाने और मारने का प्रयास करती है।

प्रचंड अशोक कलर्स पर प्रसारित होता है।

# डीप नेक की सफ़ेद शर्ट पहनकर अन्वेषी जैन ने दिए ऐसे-ऐसे पोज, फैंस हुए कायल

गंदी बात फेम अन्वेषी जैन अक्सर अपनी फिटनेस और बोल्ड लुक्स को लेकर चर्चा में रहती हैं। एक्ट्रेस अपने हर लुक्स में बेहद ही शानदार लगती हैं फैंस भी उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक और कॉमेंट्स करते हैं। हाल ही में अन्वेषी फिर से स्पॉट की गई हैं। उनका चुलबुला अंदाज फिर से उनके फैंस को अपना कायल बना रहा है।

एक्ट्रेस और मॉडल अन्वेषी जैन अपनी खूबसूरती और बोल्ड फिगर के लिए खूब जानी जाती है। एक्ट्रेस अन्वेषी जैन खूबसूरती के साथ-साथ अपनी फिटनेस का भी बेहद ध्यान रखती हैं।

हाल ही में अन्वेषी जैन कहीं जा रही थी तो उन्हें एक बार फिर पैपराजी ने अपने कैमरे में कैद कर लिया। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ने व्हाइट कलर की शर्ट और शॉर्ट स्कर्ट के साथ हाई हील्स पहन कर अपने चुलबुले अंदाज में पूल के पास फोटोशूट करवाया है।

वेब सीरीज से सुर्खियों में रहने वाली अन्वेषी जैन आज इंटरनेट सेंसेशन बन गई है। एक्ट्रेस कुछ भी सोशल मीडिया पर अपलोड करती हैं तो वे तेजी से वायरल होने लगता है। एकता कपूर की वेब सीरीज गंदी बात- 2 में एक्ट्रेस अन्वेषी ने इंटिमेट सीन्स देकर बोल्डनेस का तड़का लगाया था। उन्होंने सीरीज में कई ऐसे हॉट सीन्स दिए जिन्हें दर्शकों ने काफी पसंद किया है। अभिनेत्री अन्वेषी जैन ने एक बार फिर अपनी कातिल अदाओं से फैंस को अपना कायल कर लिया है।



# यामी गौतम की आर्टिकल 370 की एडवांस बुकिंग शुरू, 23 फरवरी को रिलीज होगी फिल्म

अभिनेत्री यामी गौतम इन दिनों जबरदस्त चर्चा में हैं और हो भी क्यों ना, उनकी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 23 फरवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।अब इससे पहले आर्टिकल 370 की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। इस खबर की जानकारी खुद निर्माताओं ने दर्शको को दी है।बता दें, 23 फरवरी यानी सिनेमा प्रेमी दिवस के खास मौके पर आर्टिकल 30 का टिकट महज 99 रुपये में प्राप्त किया जा सकता है।





जियो स्टूडियो ने अपने एक्स हैंडल पर एडवांस बुकिंग शुरू होने की जानकारी दी है। उन्होंने लिखा, इतिहास बनने का गवाह बनें। अपना टिकट पहले से बुक करें। आर्टिकल 370 23 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।फिल्म में अरुण गोविल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका में दिखाई देंगे। प्रियामणि भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।

फिल्म आर्टिकल 370 कश्मीर से अनुच्छेत 370 को हटाए जाने की कहानी पर है। ये फिल्म कश्मीर घाटी का हालात बयां करती नजर आएगी। इतना ही नहीं आर्टिकल 370 को हटाने में किस तरह के प्रयास और जटिलताएं सामने आईं इसकी एक झलक भी देखने को मिलेगी। इस फिल्म के निर्देशन की कमान आदित्य सुहास जंभाले ने संभाली है। इसकी कहानी यामी के पति-निर्देशक आदित्य धर ने लिखी है। बता दें कि यामी गौतम मां बनने वाली हैं. इस बात का खुलासा कपल ने अपनी अपकमिंग फिल्म आर्टिकल 370 के ट्रेलर लॉन्च पर किया था.

# बॉक्स ऑफिस पर घटती जा रही तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया की कमाई

शाहिद कपूर और कृति सैनन की फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया को 9 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था।यह कृति और शाहिद की साथ में पहली फिल्म है, जो दर्शकों का खूब मनोरंजन कर रही है।यह फिल्म बेशक सिनेमाघरों में जमी हुई हो, लेकिन इसकी कमाई में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है।अब फिल्म की कमाई के 12वें दिन के आंकड़े सामने आए हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है। रिपोर्ट के मुताबिक, तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया ने अपनी रिलीज के 12वें दिन 2.10 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जबकि 11वें दिन इसने 2.25 करोड़ रुपये कमाए थे।



# शैतान का नया पोस्टर जारी, अजय देवगन और आर माधवन के बीच होगी जबरदस्त भिड़ंत

बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन की अपकमिंग सुपरनैचुरल हॉरर थ्रिलर फिल्म 'शैतान' को लेकर लोग बहुत एक्साइटेड हैं. ये मूवी अगले महीने ही सिनेमाघरों में दस्तक देगी. कुछ दिनों पहले ही 'शैतान' का टीजर लॉन्च हुआ था, जिसे बहुत पसंद किया गया. अब अजय देवगन ने 'शैतान' के ट्रेलर रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया है. इसके साथ ही उन्होंने फिल्म के लेटेस्ट पोस्टर की झलक भी दिखाई है. अजय देवगन ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर 'शैतान' का एक नया पोस्टर शेयर किया है, जिसमें आर माधवन और अजय देवगन का आधा-आधा चेहरा नजर आ रहा है. पोस्टर में अजय देवगन डरे हुए दिख रहे हैं. वहीं, आर माधवन के खूंखार लुक ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है. 'शैतान' का पोस्टर शेयर करते हुए अजय देवगन ने ट्रेलर की रिलीज डेट की जानकारी दी है. उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'जल्द ही शुरू होगी अच्छाई और बुराई की असली जंग. शैतान का ट्रेलर 22 फरवरी , 2024 को रिलीज होगा. फिल्म 8 मार्च, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी.' शैतान में एक्ट्रेस ज्योतिका भी अहम किरदार में नजर आएंगी. वहीं, फिल्म में आर माधवन का खूंखार खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे. फिल्म के डायरेक्टर विकास बहल हैं और इसमें अजय देवगन ने ना सिर्फ लीड रोल प्ले किया बल्कि वह इसके प्रोड्यूसर भी हैं. अजय देवगन की इस साल बैक-टू-बैक कई फिल्में रिलीज होंगी. इन दिनों वह 'सिंघम अगेन' के प्रोडक्शन में बिजी हैं, जिसका निर्देशन रोहित शेट्टी कर रहे हैं. 'सिंघम' एक मशहूर फ्रेंचाइजी है।



## खेल



इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के चौथे मुकाबले के लिए अपनी प्लेइंग-11 जारी कर दी है। कप्तान बेन स्टोक्स ने तेज गेंदबाज ओली रॉबिनसन को मार्क वुड की जगह प्लेइंग-11 में शामिल किया गया। जबकि लेग स्पिनर रेहान अहमद की जगह शोएब बशीर को मौका दिया गया है। जेम्स एंडरसन और टॉम हार्टले टीम में अपनी जगह बनाने में कामयाब रहे। टीम ने अपने बैटिंग ऑर्डर में कोई बदलाव नहीं किया। यह मुकाबला 23 फरवरी से रांची में खेला जाएगा।

# चौथे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग-11 जारी

### मार्क वुड और रेहान अहमद बाहर, शोएब बशीर ओली रॉबिन्सन को मौका

### रॉबिन्सन को वुड की जगह मौका

तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन को मार्क वुड की जगह शामिल किया गया। वुड ने पहला और तीसरा टेस्ट खेला था। पहले मैच में उन्हें कोई विकेट नहीं मिला, लेकिन दूसरे मुकाबले में उन्होंने 4 विकेट लिए थे।

रॉबिन्सन के साथ 41 साल के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन लगातार तीसरा टेस्ट खेलेंगे। वह पहला टेस्ट नहीं खेल सके थे, वहीं बाकी 2 टेस्ट में उन्हें 6 विकेट मिले। एंडरसन टेस्ट करियर में 700 विकेट पूरे करने से महज 4 विकेट दूर हैं।

### रेहान अहमद बाहर, बशीर को मौका

इंग्लैंड टीम चौथे टेस्ट में भी 2 ही स्पेशलिस्ट स्पिनर्स के साथ उतरेगी। लेफ्ट आर्म स्पिनर टॉम हार्टले अपनी जगह बनाने में कामयाब रहे, वह सीरीज में टीम के टॉप विकेट टेकर भी हैं। लेग स्पिनर रेहान अहमद की जगह ऑफ स्पिनर शोएब बशीर शामिल हुए। बशीर ने दूसरे टेस्ट में डेब्यू किया था, तीसरे में उन्हें मौका नहीं मिला। वहीं अब वह चौथा टेस्ट खेलते नजर आएंगे। इनके अलावा पार्ट टाइम ऑफ स्पिनर जो रूट टीम के तीसरे स्पिनर रहेंगे।



### बैटिंग ऑर्डर में बदलाव नहीं

इंग्लैंड ने अपने बैटिंग ऑर्डर में कोई बदलाव नहीं किया। जैक क्रॉले और बेन डकेट ओपनिंग करेंगे। ओली पोप, जो रूट और जॉनी बेयरस्टो मिडिल ऑर्डर में रहेंगे। बेन फोक्स विकेटकीपिंग करेंगे, वहीं बेन स्टोक्स ही कप्तान रहेंगे।स्टोक्स प्रैक्टिस सेशन में बॉलिंग करते हुए नजर आए थे। ऐसे में संभव है कि वह टीम के तीसरे गेंदबाज बने। वह सीरीज के शुरुआती 3 मैचों में बॉलिंग नहीं कर सके थे।

### रांची टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग-11

बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉले, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन फोक्स (विकेटकीपर), टॉम हार्टले, ओली रॉबिन्सन, जेम्स एंडरसन और शोएब बशीर। 25 जनवरी से शुरू हुई 5 टेस्ट की सीरीज में भारत 2-1 से आगे है। हैदराबाद में पहला मुकाबला इंग्लैंड ने 28 रन से जीता था।

## एक नजर

### चौथे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग-11 जारी

मार्क वुड और रेहान अहमद बाहर, शोएब बशीर ओली रॉबिन्सन को मौका



इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के चौथे मुकाबले के लिए अपनी प्लेइंग-11 जारी कर दी है। कप्तान बेन स्टोक्स ने तेज गेंदबाज ओली रॉबिनसन को मार्क वुड की जगह प्लेइंग-11 में शामिल किया गया। जबकि लेग स्पिनर रेहान अहमद की जगह शोएब बशीर को मौका दिया गया है। जेम्स एंडरसन और टॉम हार्टले टीम में अपनी जगह बनाने में कामयाब रहे। टीम ने अपने बैटिंग ऑर्डर में कोई बदलाव नहीं किया। यह मुकाबला 23 फरवरी से रांची में खेला जाएगा।

रॉबिन्सन को वुड की जगह मौका

तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन को मार्क वुड की जगह शामिल किया गया। वुड ने पहला और तीसरा टेस्ट खेला था। पहले मैच में उन्हें कोई विकेट नहीं मिला, लेकिन दूसरे मुकाबले में उन्होंने 4 विकेट लिए थे। रॉबिन्सन के साथ 41 साल के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन लगातार तीसरा टेस्ट खेलेंगे। वह पहला टेस्ट नहीं खेल सके थे, वहीं बाकी 2 टेस्ट में उन्हें 6 विकेट मिले। एंडरसन टेस्ट करियर में 700 विकेट पूरे करने से महज 4 विकेट दूर हैं।

### मॉडल सुसाइड केस में IPL खिलाड़ी को नोटिस

#### तानिया ने आखिरी कॉल ऑलराउंडर अभिषेक शर्मा को किया था, मैसेज भी किया

IPL फ्रेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद के ऑलराउंडर अभिषेक शर्मा सूरत की मॉडल तानिया सिंह सुसाइड केस में मुश्किलों में फंसते नजर आ रहे हैं। उन्हें सूरत पुलिस ने नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया है। दरअसल, मामले की शुरुआती जांच में सामने आया है कि तानिया ने आखिरी कॉल अभिषेक को किया था। इतना ही नहीं, पुलिस को तानिया के मोबाइल से कॉल डीटेल, फोटो और मैसेज मिले हैं। इससे पहले, पुलिस ने इवेंट इंडस्ट्री से जुड़े मितेश नाम के युवक से पूछताछ की थी। मॉडल तानिया ने रविवार रात अपने घर में सुसाइड कर लिया था। वे देर रात घर लौटी थीं। सुबह बेटी को फांसी पर लटका देख परिवार सदमे में आ गया। तानिया फैशन डिजाइनिंग की स्टूडेंट थीं। पुलिस प्रेम प्रसंग सहित तमाम पहलुओं के आधार पर मामले की जांच कर रही है।



# IPL 2024 के पहले मैच को लेकर संजय मांजरेकर बोले-यह फ्रेंचाइजी से ज्यादा सुपरस्टार्स का मैच, यह धोनी vs विराट

इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2024 का पहला मैच डिफेंडिंग चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) के बीच खेला जाएगा। IPL 2024 के ओपनिंग मैच को लेकर भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने कहा, मुझे लगता है कि चैंपियन टीम को पहला मैच खेलना चाहिए और CSK पहले गेम की हकदार है। सही से देखा जाए तो पिछले साल के फाइनलिस्ट को उनके खिलाफ खेलना चाहिए था। लेकिन, मुझे लगता है कि यह फ्रेंचाइजी (टीम) से ज्यादा सुपरस्टार्स का मैच है, यह धोनी बनाम विराट है, है ना?

उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स से बात करते यह भी बताया कि CSK टीम टूर्नामेंट में कैसे उतरेगी और इस सीजन में एमएस धोनी का टीम पर क्या प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा, 'CSK टीम ने मिनी ऑक्शन में काफी स्मार्ट खरीदारी किया है। अब टीम में डेरिल मिचेल जुड़ गए हैं, और मुझे लगता है कि इससे बहुत बड़ा फर्क पड़ने वाला है।



उन्होंने आगे कहा, वहीं एमएस धोनी अपना काम करेंगे, वह हमें वह कप्तानी दिखाएंगे जिसका पिछले सीजन इतना बड़ा इम्पैक्ट पड़ा। पिछले सीजन धोनी की भूमिका से यह साफ है कि IPL में कप्तानी कितनी महत्वपूर्ण है। एक बल्लेबाज के रूप में उन्होंने कुछ खास नहीं किया, लेकिन युवाओं पर वह काफी काम करते हैं और उन्हें चैंपियन बनाते हैं, यही उनकी खासियत है। इस सीजन का पहला मुकाबला 22 मार्च को डिफेंडिंग चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच चेपॉक स्टेडियम में खेला जाएगा। पहले फेज में 22 मार्च से 7 अप्रैल तक का शेड्यूल जारी हुआ है। इस दौरान 17 दिन में 21 मैच खेले जाएंगे, इनमें 4 डबल हेडर (एक दिन में दो मुकाबले) शामिल होंगे। CSK की टीम नौवीं बार IPL के किसी सीजन का पहला मुकाबला खेलेगी। इससे पहले टीम 8 दफा ऐसा कर चुकी है। टीम ने अब तक 10 फाइनल खेले हैं।

# ब्राजीलियन फुटबॉलर डानी एल्वेस को साढ़े चार साल की सजा:रेप केस में दोषी पाए गए

### नेमार ने केस लड़ने में मदद की

स्पेन की कोर्ट ने गुरुवार को ब्राजील के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी डानी एल्वेस को साढ़े चार साल की सजा सुनाई । दिसंबर 2022 में बार्सिलोना के एक नाइट क्लब में एल्वेस एक युवती से रेप के दोषी पाए गए।

तीन बार के चैंपियंस लीग विजेता को पांच साल के प्रोबेशन का भी आदेश दिया गया है। प्रोबेशन का मतलब एल्वेस जेल से बाहर आने के बाद 5 साल तक सुपरविजन में रहेंगे। जेल की सजा काटने के बाद, एल्वेस को पीड़ित को मुआवजे के रूप में 150,000 यूरो (.162,000) का भुगतान करने की भी मांग की।



ब्राजील के टॉप फुटबॉलर नेमार ने भी एल्वेस की केस लड़ने में मदद की। नेमार ने एल्वेस के लिए एक टॉप वकील और मोटी रकम देकर मदद की। नेमार और एल्वेस करीबी दोस्त है। दोनों साथ बार्सिलोना फुटबॉल क्लब, PSG और ब्राजील नेशनल टीम में खेले हैं। कोर्ट के मुताबिक एल्वेस ने 31 दिसंबर 2022 की रात स्पेन के बार्सिलोना के एक नाइट क्लब में एक युवती के साथ जबरदस्ती की। एल्वेस की पत्नी जोआना सान्ज ने कहा कि जब वह उस रात अपने बार्सिलोना वाले घर वापस आए तो वह बहुत नशे में थे और बिस्तर पर गिरने से पहले फर्नीचर से टकरा गए थे, लेकिन अदालत ने तर्क दिया कि शराब पीने से उसके व्यवहार पर कोई असर नहीं पड़ा।

# देवभोग में छग राज्य स्तरीय डबल एवं मिक्स डबल बैडमिंटन प्रतियोगिता सम्पन्न

मैत्री जनकल्याण सोसायटी 5 वर्षो से करा रहा बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़- देवभोग।

देवभोग में इस वर्ष भी मैत्री जनकल्याण सोसायटी एवं नगरवासियों के द्वारा सिंचाई कालोनी के इंडोर बैडमिंटन ग्राउंड में छग राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया था। जिसकी तैयारी 20 फरवरी शाम को पूरी कर ली गयी थी वहीं 21 और 22 फरवरी को मैच खेला गया इस प्रतियोगिता में छग के रायपुर बिलासपुर भिलाई दुर्ग जगदलपुर नगरी महासमुंद मैनपुर छुरा राजिम गोहरापदर और देवभोग 12 क्षेत्र के 24 चुनिंदा टीम हिस्सा बने। इस प्रतियोगिता में मैत्री जनकल्याण सोसायटी के लाला भाई पटेल,अनिल अग्रवाल,प्रसन्न तायल, मोहम्मद फि रोज,रितेश अग्रवाल, सुभाष दोरा, भुपेंद्र शर्मा, भुपेंद्र रेंगे, भुपेंद्र चंद्राकर,मनिश तायल,सुभाष मित्तल,अमन अग्रवाल,चिराग पटेल,योगेश ठाकुर, युधिष्ठिर रेड्डी,रूपेश मित्तल,अमित जान, ओमप्रकाश ठाकुर, सुशील यादव,हरिश ठाकुर और सागर गुप्ता का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वही पूरे मैच में आंखों देखी हाल सुनाने कामेंट्रेटर समिति सदस्य फिरोज खान रहे।

## उद्घाटन केनुराम यादव के हाथों तो समापन नेहा सिंघल के उपस्थिति में हुआ सम्पन्न

छग राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर 21फ रवरी को मुख्य अतिथि यादव समाज प्रमुख केनुराम यादव सहित शोभाचंद पात्र, गौरीशंकर कश्यप,हलधर यादव,गणेश यादव,मनोज रघुवंशी के अलावा समिति के अनिल अग्रवाल व अन्य सदस्य उपस्थित थे वही 22फ रवरी को समापन के अवसर पर जनपद अध्यक्ष नेहा सिंघल, देवेन्द्र राजपुत,दीपक सिंघल,आशीष पाण्डेय,दिनेश अग्रवाल सहित थाना प्रभारी गौतम गावड़े ने विजेता उपविजेता और तृतीय चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाली टीम को ट्राफी से नवाजा।



लम्बे समय से इंडोर की मांग नहीं हो सकी पुरी तो सिंचाई कालोनी के आऊट डोर को समिति ने बनाया इंडोर

देवभोग में खेल मैदान की कमी है मैत्री जनकल्याण सोसायटी के सदस्य सिंचाई कालोनी के आऊट डोर ग्राउंड पर ही अभ्यास करते हैं राज्य स्तरीय बैटमिंटन प्रतियोगिता को देखते हुए समिति ने खुद के खर्चे से आऊट डोर को इंडोर रूप दे दिया जहां दो दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता सम्पन्न हुआ। डेढ़ दशक से समिति कलेक्टर से लेकर विधायक तक इंडोर स्टेडियम की मांग करते रहे पर उनकी मांग पर अमल नहीं हो सका।

## इन व्यापारियों के सहयोग से प्रतियोगिता सम्पन्न

मैत्री जनकल्याण सोसायटी की ओर से आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिये डबल विजेता के लिये 25 हजार और ट्राफ ी झाखरपारा के प्रतिष्ठित व्यवसायी निखिल माहेश्वरी और द्वितीय पुरस्कार 11हजार ट्राफ ी घनश्याम प्रधान की ओर से था वहीं मिक्स प्रतियोगिता के लिये विजेता को 10 हजार जनपद अध्यक्ष नेहा सिंघल की ओर से और द्वितीय पुरस्कार 5 हजार प्रसन्न तायल की ओर से दिया गया।

## रायपुर की टीम ने मारी बाजी वहीं भिलाई की टीम रहा उपविजेता

दो दिवसीय छग राज्य स्तरीय इंडोर बैटमिंटन प्रतियोगिता में रायपुर के आयुष माखीजा और सुजोय थम्बोली की टीम फाइनल खेल कर विजेता का ट्राफी जीती लिया तो वही फाइनल में पहुंचकर भिलाई के वेंकट गौरव और विक्रांत शर्मा की टीम उपविजेता रही।

## सेमीफाइनल पहुंचने वाले दो टीम को मिला तृतीय और चतुर्थ स्थान

मैत्री जनकल्याण सोसायटी ने इस प्रतियोगिता में सेमीफाइनल खेलने वाले भिलाई के जसमीत सिंह और वरूण जैन की टीम को तृतीय स्थान तथा जगदलपुर के सलमान रजा और क्रिश क्रिस्टोफर को चतुर्थ स्थान पर रखा। इस प्रकार इस प्रतियोगिता में विजेता उपविजेता के अलावा तृतीय व चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले टीम को भी ट्राफी से नवाजा गया।

एक नजर

## इंजेक्शन अंतरा के बारे में दिया गया प्रशिक्षण



**रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.एन.मंडावी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन injectable contraceptive(Antra) विषय पर दो दिवसीय चिकित्सा अधिकारी, आर.एम.ए, सी.एच.ओ ,स्टाफ नर्स एवं ए.एन.एम., को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के आरोग्यम सभा कक्ष में मास्टर ट्रेनर डॉ दिनेश नायक एवं श्रीमती सुषमा लाल (स्टाफनर्स) के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में इंजेक्शन अंतरा प्रसव पश्चात 45 दिन उपरांत इंजेक्शन अंतरा दो बच्चों के बीच अंतराल के लिये लगाया जाता है यह एक अस्थायी विधि है इसकी मात्रा 150 मि.ग्रा. हाथ/ कमर में त्वचा के नीचे लगाया जाता है इसकी डोज मात्रा 100 या 104एमजी 0.65एमएल हर तीन माह में 6 बार लगाया जाता है। इंजेक्शन अंतरा लगाने के बाद महावारी के चक्र को बंद कर माताए गर्भवती नही होती, गर्भधारण को रोका जा सकता है। इंजेक्शन अंतरा के प्रभाव से एक्टोपिक प्रेग्नेंसी (अस्थानिक गर्भावस्था) नही होती, सिकलसेल संकट को कम किया जा सकता है। बच्चेदानी में होने वाले गाँठ भी इंजेक्शन के प्रभाव, गर्भाश्य के अंदर होने वाले अण्डाश्य में होने वाले कैंसर को रोका जा सकता है। 7 से 10 माह में इंजेक्शन बंद होने के बाद गर्भधारण की क्षमता वापस आ जाती हे। पति-पत्नी मिलन के दौरान किसी प्रकार की बाधा नही होती 6 हफ्ते बाद दूध पिलाने वाली माताओं के दूध में किसी प्रकार की गुणवत्ता, मात्रा, रचना में कमी नही आती एवं शिशु स्वस्थ रहता है। इंजेक्शन अंतरा से माँ एवं बच्चे के अंतराल में स्वस्थ रहने का एक अच्छा उपाय है। इस संबंध में अभी तक 120 अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

## महतारी वंदन योजना हेतु दावा-आपत्ति सूची जारी

25 फरवरी तक कर सकते है दावा-आपत्ति आवेदन




**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर महतारी वंदन योजना के तहत प्राप्त आवेदनों का दावा-आपत्ति हेतु सूची संबंधित ग्राम पंचायत/ वार्ड व आंगनबाड़ी केन्द्र इत्यादि में सूची का चस्पा कर दिया गया है। सूची को देखकर कोई भी हितग्राही स्वयं ऑनलाईन अथवा आंगनबाड़ी केन्द्रों में आवेदन के माध्यम से दावा-आपत्ति कर सकेंगे। दावा-आपत्ति करने के लिए मोबाइल नंबर प्रदान करना आवश्यक है।



दावा-आपत्ति की अंतिम तिथि 25 फरवरी 2024 है। दावा-आपत्ति प्राप्त होने पर 26 से 29 फरवरी तक दावा-आपत्ति का निराकरण किया जाएगा। दावा-आपत्ति का निराकरण पश्चात अंतिम सूची का प्रकाशन 1 मार्च को किया जाएगा तथा 2 मार्च को स्वीकृति जारी की जाएगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 3 लाख 5 हजार 554 आवेदन प्राप्त हुए है। विस्तृत जानकारी कंट्रोल रूम, परियोजना कार्यालय एवं आंगनबाड़ी केन्द्र से प्राप्त की जा सकेगी।

# खनिज चूनापत्थर एवं रेत का अवैध परिवहन करते 4 वाहन पकड़ाये

अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर लगातार होगी कार्यवाही



**रायगढ़।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने जिले में अवैध उत्खनन एवं परिवहन के रोकथाम हेतु खनि अधिकारी को निर्देश दिए गए है। उक्त निर्देश के परिपालन में खनि निरीक्षक श्री आशीष गढ़पाले एवं जिला खनिज जांच दल द्वारा आज निरीक्षण किया गया। अवैध परिवहन करते हुए खनिज चूनापत्थर (गिट्टी) के 01 ट्रेलर एवं खनिज रेत का 3 हाइवा पकड़ा गया। जिसमें संबंधित वाहनों को सुरक्षार्थ हेतु कलेक्ट्रेट परिसर रायगढ़ में रखा गया है। जिन वाहनों को जप्त किया गया है। इनमें वाहन मालिक राजू अग्रवाल फ्रेंड्स कालोनी रायगढ़ के वाहन क्रमांक सीजी 13 एडी 8111 में चूना पत्थर का अवैध परिवहन किया जा रहा था। इसी तरह शेखर पटेल औंराभाठा रायगढ़ वाहन क्रमांक सीजी 13 एव्ही 9613, तिलकराम पटेल रायगढ़ वाहन क्रमांक सीजी 13 एडब्ल्यू 9813 तथा लक्ष्मण सिदार वाहन क्रमांक सीजी 13 एआर 7658 के द्वारा रेत का परिवहन किया जा रहा था।

उक्त सभी प्रकरणों में छ.ग.गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71 एवं खान एवं खनिज (विकास और विनियमन)अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। पूर्व में भी जिले के खनिज ठेकेदारों, खनिज परिवहन कर्ताओं को भी निर्देशित किया गया है कि बिना अभिवहन पास खनिज उत्खन्न, परिवहन एवं भंडारण करना दण्डनीय अपराध है। अवैध उत्खनन, परिवहन कर्ताओं के विरूद्ध इसी प्रकार का कृत्य करने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। आगे भी जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु खनिज अमलों द्वारा विशेष अभियान चलाकर निरंतर जांच जारी रहेगी।

# जिले में शासन-प्रशासन के आश्वासन के भरोसे पर चल रही धान उठाओ की उम्मीद

जोहार छत्तीसगढ़- बेमेतरा।

बेमेतरा जिले में धान की उठाओ की समस्या को लेकर धान खरीदी प्रबंधक व प्रभारी धान उठाओ की समस्याओं कों लेकर बताया कि धान खरीदी केंद्र के प्रबंधक व प्रभारियों को प्रशासन की सिर्फ आश्वासन के भरोसे पर यह समस्या बनी हुई हैं कि धान खरीदी केंद्र में धान की उठाओ नहीं होने से प्रबंधक व प्रभारियों की दांतों तले उंगलियां दबाने में मजबूर हो जा रहे हैं,






जिला बेमेतरा के प्रबंधक व प्रभारियों के द्वारा अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौपा गया ताकि धान की उठाओ लगातार किया जा सके। एक तरफ सरकार के द्वारा धान ही खरीदी के टारगेट को पूरा किया गया हैं तो दूसरी तरफ उठाओ की गम्भीर समस्या बनी हुई हैं, लेकिन इससे शासन प्रशासन को कोई फ र्क इन नहीं पड़ रहा हैं यही वजह है कि वरदानों की कमी धान की बर्बादी हो रही हैं जिससे धान खरीदी प्रबंधक एवं प्रभारियों के द्वारा शासन प्रशासन की प्रति गुस्सा व्यक्त कर रहे हैं वहीं जिला बेमेतरा के प्रबंधक का कहना है कि यदि धान उठाओ नहीं होती हैं तो भग उसका जवाबदारी कौन लेगा। लेकिन धान सुसायटी में उठाओं को लेकर ही कई तरह से परेशानियां खड़ी हो जाती है यदि देख रेख रखरखाव में किसी भी प्रकार का आनिमित्त पाई जाती है तो प्रशासन के अधिकारियों के द्वारा फ टकार लगाने से पीछे नहीं हटते हैं, लेकिन धान के उठाओ नहीं होने से पुरा बेमेतरा जिला में गंभीर समस्या बनी हुई है यदि जल्द से जल्द इसका उठाओ नहीं किया जाएगा तो जिला के समिति प्रबंधक व प्रभारी के द्वारा हड़ताल की जाएगी जिसकी जवाबदारी शासन प्रशासन होगी।

# छत्तीसगढ़ की लोक कला संस्कृति हमारी धरोहर-योगेश तिवारी

जोहार छत्तीसगढ़- बेमेतरा।



विधानसभा के ग्राम हरदी भिंभौरी में जनकल्याण समिति की ओर से आयोजित दो दिवसीय लोक कला महोत्सव में राष्ट्रीय अध्यक्ष हिंदू सनातन संगठन योगेश तिवारी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति हमारी धरोहर है। छत्तीसगढ़ की पहचान न केवल भारत वर्ष में अपितु विदेशो में भी है, ऐसे आयोजनों से छत्तीसगढ़ के सुदूर अंचल में रहने वाले कलाकारों को मंच प्रदान होता है। गांव में भी इस तरह का वृहद आयोजन होना अपने आप में गौरव की बात है। गांव में इस तरह का आयोजन, सराहनीय है। इस तरह की परंपराओं को जीवित रखना जरूरी है। ताकि आज की युवा पीढ़ी को छत्तीसगढ़ की संस्कृति व परंपरा को जानने व समझने का मौका मिले। वही लोगों का अपने धर्म और संस्कृति के लिए झुकाव बढ़ता है। इस दौरान पाल, सुनील देशलहरे, उभयराम पाल, राजकुमार पाल, कौशल वर्मा, दीपक निर्मलकर, वेदराम सेन, अश्वनी साहू, हिकेश्वर पाल, डोमार वर्मा, निखिल वर्मा।



# अर्थव्यवस्था को बढ़ाने की हमारी रणनीति का मूल आधार होगा तकनीकी रिफॉर्म और इनोवेशनः ओपी चौधरी

**रायगढ़।** वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी के विभागों से संबंधित अनुदान मांगे आज विधानसभा में चर्चा के बाद सर्मसम्मति से पारित कर दी गई। इसमें वित्त विभाग के अंतर्गत 7 हजार 956 करोड़ 87 लाख 39 हजार रूपएए आवास एवं पर्यावरण विभाग से संबंधित 1 हजार 174 करोड़ 3 लाख 90 हजार रूपए तथा योजना,आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग से संबंधित 428 करोड़ 71 लाख 44 हजार रूपए की अनुदान मांगे शामिल हैं। अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान विधानसभा सदस्यों ने अपने अपने क्षेत्र की मांगे रखीं और अपने सुझाव भी दिए।

वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जिस रणनीति के तहत भारत की अर्थव्यवस्था के लिए काम कर रहे हैं, वैसा ही प्रयास नवोदित राज्य छत्तीसगढ़ के लिए भी किया जा रहा है और ये बड़े सौभाग्य की बात है कि हम वर्ष 2047 तक भारत के साथ ही छत्तीसगढ़ को भी विकसित करेंगे। छत्तीसगढ़ 2047 तक कैसे विकासशील राज्य से विकसित राज्य बनेगा इसका विजन डाक्यूमेंट तैयार किया जाएगा जिसे छत्तीसगढ़ में राज्य स्थापना के दिन 1 नवंबर 2024 को जनता को समर्पित किया जाएगा जिसना नाम अमृतकालः छत्तीसगढ़ विजय ञ्च2047-होगा।

श्री ओपी चौधरी ने कहा कि मिडटर्म टारगेट के दौर पर मोदी जी की गारंटी में भारत की अर्थव्यवस्था 11वें स्थान से छलांग लगाकर 10 साल के भीतर 5वें स्थान पर पहुंची है और इसी मिडटर्म टारगेट के तौर पर हमने अगले पांच साल में छत्तीसगढ़ की जीएसडीपी को 5 लाख करोड़ से बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रूपए करने का लक्ष्य रखा है।

श्री ओपी चौधरी ने कहा कि राज्य में हम तकनीक के प्रयोग को अत्यधिक महत्व देंगे और



इसी वजह से टेक्नोलाजिकटल इंटरवेंशन के लिए 266 करोड़ रूपए का बजटीय प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए जहां भी टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जा सकता है हम उसे महत्व दे रहे हैं और अर्थव्यवस्था को बढ़ाने की जो हमारी रणनीति है उसका मूल आधार तकनीकी रिफॉर्म और इनोवेशन ही है।हम प्रदूषण के मानकों को भी बेहतर करने के लिए तकनीक के इस्तेमाल में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के अर्थव्यवस्था के नीतियों के निर्धारण के लिए छत्तीसगढ़ एडवायडरी काउंसिल के गठन का भी निर्णय लिया गया है। श्री ओपी चौधरी ने कहा कि राज्य में गहरे अध्ययन के बाद हम जीएसटी में बिजनेस इंटेलिजेंस यूनिट स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिसका प्रभाव अगले एक वर्ष में दिख जाएगा। उन्होंने कहा कि इन सब के आधार पर हम लोगों ने निर्णय लिया कि हम अपने राजस्व को 22 फीसदी की दर से बढ़ाएंगे और हम ईमानदारी से अपना प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि दुर्ग संभाग में शासकीय सेवकों को वित्त एवं लेखा प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए नवीन संभागीय वित्त एवं लेखा प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना की जाएगी। इसके लिए नवीन 18 पदों का सृजन तथा भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ 50 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही संभागीय वित्त एवं लेखा प्रशिक्षण संस्थान ए रायपुर के नवीन भवन निर्माण के लिए भी 1 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

श्री ओपी चौधरी ने कहा कि हम निश्चित रूप से सभी मंत्रालयों के बीच एक बढ़िया सामंजस्य स्थापित करेंगे और माननीय मंत्रियों से चर्चा करेंगे ताकि अवैध कॉलोनियों को नियंत्रित किया जा सके। उन्होंने कहा कि विकास की गति न रुके और पूंजीगत व्यय भी होता रहेए सड़कें पुल भी बनते रहें उसके लिए भी हमारी सरकार प्रतिबद्ध है और इतने सारे बड़े वित्तीय दावों के बीच में हम आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। श्री चौधरी ने जानकारी देते हुए कहा कि शासकीय सेवकों के पेंशन एवं सेवानिवृत्ति लाभ के भुगतान हेतु 7 हजार 729 करोड़ 14 लाख रूपए का प्रावधान बजट में शामिल है। इससे राज्य के लगभग 1 लाख 31 हजार पेंशनरों को नियमित रूप से पेंशन, परिवार पेंशन, सारांशीकरण की राशि, ग्रेच्युटीए अवकाश नकदीकरण का भुगतान किया जायेगा।

# सतगुरु कबीर संत समागम समारोह दामाखेड़ा मेला में पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

## सबका साथ और सहयोग से प्रदेश में विकास की बहाएंगे गंगा-मुख्यमंत्री साय

बलौदाबाजार-जोहार छत्तीसगढ़।

*मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज बलौदाबाजार भाटापारा जिले के दामाखेड़ा में माघपूर्णिमा के अवसर पर आयोजित होने वाले सद्गुरू कबीर संत समागम समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने दामाखेड़ा के नाम कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा करने की घोषणा किए।*

साथ ही पूर्व में स्वीकृत 22 करोड़ रूपये से अधिक लागत से बनने वाले कबीर सागर के निर्माण कार्य मे तेजी लाने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए है। इसके साथ ही दामाखेड़ा के 10 किलोमीटर परिधि में कोई नया औद्योगिक प्रतिष्ठान शुरू न हो इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जाने की बात कही। समारोह में मुख्यमंत्री ने पंथश्री हुजूर प्रकाश मुनि नाम साहेब का स्वागत करते हुए उनसे छत्तीसगढ़ की तरक्की और खुशहाली के लिए आशीर्वाद लिया। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल, सांसद सुनील सोनी, भाटापारा विधायक इंद्र कुमार सावएलुण्ड्रा विधायक प्रमोद मिंज, भाटापारा पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा ने भी गुरू का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। धर्मगुरू पंथश्री प्रकाश मुनि नाम साहेब ने मुख्यमंत्री के रूप में पहली दफा दामाखेड़ा आगमन पर विष्णु देव साय का कबीरपंथी समाज की ओर से आत्मीय स्वागत किया। उनके सहज सरल स्वभाव की प्रशंसा करते हुए उन्हे कबीर पंथी बताया। उन्होंने ने संत समागम में पहुंचकर दामाखेड़ा का गौरव बढ़ाया है। धर्मगुरू पंथश्री प्रकाश मुनि नाम साहेब इस मेले का महत्व एवं कबीर पंथ के इतिहास की जानकारी देते हुए बताया की 120 सालों से यह मेले का आयोजन हो रहा है। साथ ही दामाखेड़ा के आसपास स्थापित हो रहे उद्योगों खासकर स्पंज



* दामाखेड़ा का नाम कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा करने की घोषणा
* कबीर सागर के निर्माण कार्य मे तेजी लाने के दिए निर्देश

आयरन एवं बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण पर अपनी चिंता व्यक्त की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश का मुख्यमंत्री का दायित्व मुझे मिला है इस दायित्व से जनता की सेवा और प्रदेश के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा। आप सभी के विश्वास और सहयोग से प्रदेश में विकास की गंगा बहाएंगे। उन्होंने ने कहा कि बचपन से ही मेरा जुड़ाव कबीर पंथ से रहा है और चौका आरती में शामिल होते रहे है। मेरे गृह ग्राम बगिया में कबीर पंथ के मुनियों के पदार्पण हुआ है जो मेरे लिए सौभाग्य की बात है। इसके साथ ही विधानसभा क्षेत्र कुनकुरी क्षेत्र में भी कबीर पंथियों की बड़ी संख्या है। जहां भी कबीर पंथ का मेला लगता है वहां हमारे गांव के आस पास के लोग जरूर पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि एक छोटे से गांव के किसान के बेटे को आप लोगों ने मुख्यमंत्री का बड़ा दायित्व दिया है। इस चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी पर खरा उतरने में लिए आप सबकी सहयोग और मार्गदर्शन मिलता रहे। जिस प्रकार से मोदी जी की गारंटी पर विश्वास जताया है उसे आगे भी कायम रखते हुए सेवा का अवसर देते रहेंगे। हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ को विकास के पथ पर आगे ले जाएंगे। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने केवल 2 माह में ही लंबे समय से रुके बड़े बड़े काम को पूरा किया है। इस अवधि में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति, महतारी वंदन योजना तथा युवाओं की मांग पर पीएससी परीक्षा में हुए गड़बड़ी की सीबीआई जांच जैसे बड़े काम किया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार विकास कार्य के लिए प्रतिबद्ध है और निरन्तर बड़े बड़े काम होते रहेंगे। उन्होंने आगें कहा धर्मनगर दामाखेड़ा कबीरपंथियों की आस्था का एक प्रमुख केन्द्र है। राज्य सरकार यहां के प्राचीन तालाब सहित संपूर्ण दामाखेड़ा के विकास के लिए वचनबद्ध है। ताकि यहां दर्शन के लिए आने वाले देश विदेश के श्रद्धालु दामाखेड़ा की मधुर स्मृति लेकर वापस लौटेंगे। समारोह को कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर नवोदित वंशाचार्य उदित मुनि साहेब, गुरूगोसांई भानुप्रताप साहब, दामाखेड़ा के पूर्व सरपंच कमलेश साहू, कलेक्टर चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार, डीएफओ मयंक अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन अपर कलेक्टर बीसी एक्का अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव, सहित जनप्रतिनिधि गण एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## एक नजर

### आबकारी विभाग की कार्यवाही, 35 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं लाहन 3 हजार किलो जब्त

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।



आबकारी आयुक्त सह सचिव आर संगीता के निर्देश और उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता रायपुर अनिमेष नेताम एवं जिला आबकारी अधिकारी सोनल नेताम के मार्गदर्शन में सरसीवा के आबकारी टीम ने कच्ची महुआ और महुआ लाहन को जप्त किया। आबकारी टीम को सूचना मिली कि ग्राम सलोनीकला सबरया डेरा में महानदी के किनारे भारी मात्रा में अवैध कच्ची महुआ शराब का निर्माण किया जाता है तथा आसपास के क्षेत्रों में इसको विक्रय किया जाता है स सूचना की पुष्टि होने पर आबकारी टीम के साथ ग्राम सबरया डेरा में पहुंचे। महानदी के किनारे पानी में 02 सफेद रंग के डिब्बा में प्रत्येक में 10-10 लीटर एवम 01 नीले रंग के डिब्बा में 15 लीटर कुल 35 लीटर कच्ची महुआ शराब को जब्त किया गया स महुआ लाहन जो की जूट के बोरे के अंदर पालीथीन में भरकर एवम प्लास्टिक की झिल्ली में प्रत्येक में भरी 30-30 किलोग्राम के 100 नग कुल मात्रा 3000 किलोग्राम को जब्त किया गया स कच्ची महुआ शराब को कब्जा में लिया गया एवम विधिवत रूप से महुआ लाहन का नष्टीकरण किया गयास अज्ञात आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम धारा 34;1,क,च,34;2, का, प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया है। आरोपियों की पतासाजी की जा रही है स यह कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक विपिन पाठक, सुरक्षा गार्ड लोचन साहू तथा ड्राइवर रामदुलार पटेल का विशेष योगदान रहा।

### सिविल सेवा परीक्षा की कोचिंग हेतु 7 मार्च तक मंगाये गये आवेदन

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी हेतु राज्य में स्थित निजी कोचिंग संस्थाओं के माध्यम से राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र अभ्यर्थियों को वर्ष 2024-25 में प्रशिक्षण उपलब्ध कराने हेतु आवेदन पत्र मंगाये गये है। आवेदन पत्र 7 मार्च 2024 सायं 4 बजे तक संभागीय मुख्यालय के कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जिला रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर, सरगुजा अथवा दुर्ग में जमा कर सकते है। आवेदन पत्र एवं विज्ञापन से संबंधित विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाईट www.tribal.cg.gov.in से डाउनलोड कर अवलोकन किया जा सकता है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### आंगनबाड़ी में रिक्त पद के लिए 18 मार्च तक मंगाये गये आवेदन

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण)अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र बोईरदादर क्रमांक 1 वार्ड क्रमांक 48 नगर पालिक निगम क्षेत्र रायगढ़ में आंगनबाड़ी सहायिका के पद रिक्त होने से उक्त पद की पूर्ति हेतु 26 फरवरी से 18 मार्च 2023 तक आवेदन पत्र मंगाये गये है। इच्छुक आवेदिका परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण में आवेदन जमा कर सकते है। नियुक्ति से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश व नियम शर्तो के संबंध में परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते है।

### पीएम श्री मोदी ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट पताढ़ी का करेंगे वर्चुअल लोकार्पण

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जिले के कोरबा विकासखण्ड के पताढ़ी में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत अधोसंरचना मिशन अंतर्गत निर्मित ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट का 25 फ रवरी 2024 को ऑनलाइन वर्चुअल लोकार्पण किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस एन केशरी ने बताया कि जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर एवं आम लोगों के लिए सहज बनाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का विस्तार किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार का भी कार्य किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों क्षेत्र के लोगों को बेहतर उपचार तथा जांच की सुविधा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने बताया कि जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को अधिक बेहतर बनाने के लिए ब्लॉक हेल्थ यूनिट का निर्माण कराया गया है। ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट में ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को वे सभी उपचार व जांच की सुविधाएं उपलब्ध होंगी जो उन्हें जिला मुख्यालय के अस्पतालों तथा निजी अस्पतालों में मिलती हैं। साथ ही बीमारियों तथा महामारी पर नजर भी रखी जाएगी जिससे तत्काल बीमारी की रोकथाम की दिशा में पहल की जा सकेगी।

## शासन द्वारा निर्धारित समय पर कार्यालय नहीं पहुंचने वाले अधिकारी-कर्मचारी को कारण बताओं नोटिस हुआ जारी

### लंबित शिकायत,जांच,वारंट, बिल व वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त शिकायत एवं पत्रों की शीघ्र निकाल करने दिये निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू भापुसे ने जिला पुलिस कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें शासन द्वारा निर्धारित कार्यालयीन समय पर कार्यालय नहीं पहुंचने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया तथा शासन द्वारा निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से जिला पुलिस कार्यालय पहुचने अधिकारी-कर्मचारियों को समझाईस दिया गया। साथ ही उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को शाखा के रिकार्ड को व्यवस्थित ढंग से वर्षवार रखने तथा कार्यालय के शाखाओं में लंबित शिकायत जांच, लंबित स्थायी,गिरफ्तारी, संमस वारंट, लंबित मोटर वारंट, मेडिकल बिल,यात्राभत्ता,सिक, अवकाश, गैरहाजिर प्रकरण, माननीय सर्वोच्च न्यायालय से प्राप्त जवाबदावा, लंबित गुम इंसान, लंबित पेंशन एवं अन्य, निर्माण कायों, फर्मो से प्राप्त लंबित बिल आहरण/भुगतान करने, वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त शिकायत पत्रों एवं शाखाओ में विभागीय पेंडिग शिकायत जांच व पत्रों की शीघ्र निकाल करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। तथा समस्त शाखा प्रभारियों को वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त शिकायत-जांच एवं पत्रों का अवलोकन कर सही समय पर जानकारी भेजने के निर्देश दिए। इस दौरान स्टेनों अजय कुमार देवांगन,एसपी रीडर सउनि विष्णु सप्रे सहित पुलिस कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।



## जामगांव शासकीय हाई स्कूल में विदाई समारोह छु लो आसमान सम्पन्न

### अनुशासन ही सफलता की कुंजी है-गौरीशंकर

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।

ब्लाक के जामगांव हाईस्कुल में बीते को दसवीं कक्षा के अध्ययनरत विद्यार्थियों के विदाई समारोह छु लो आसमान कार्यक्रम सम्पन्न हुआ इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि देवभोग के कवि और समाजसेवी गौरीशंकर कश्यप कार्यक्रम में शामिल हुये। मुख्य अतिथि से विद्या की देवी मां सरस्वती के पुजा अर्चना के बाद विद्यार्थियों ने अतिथि और प्राचार्य व शिक्षकों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया वहीं संस्था के प्राचार्य सुशील अवस्थी ने दसवीं बोर्ड परीक्षार्थियों को अच्छे परिणाम लाने की शुभकामनाएं दी



इस अवसर पर जहां कार्यक्रम का संचालन छात्रा कुमारी गुड्डी वर्मा ने किया वहीं कार्यक्रम में दसवी की छात्रा खिलेश्वरी ने अपने मधुर कंठ से स्वागत गीत गाया।

#### अनुशासन ही सफलता का मूलमंत्र-गौरीशंकर

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कवि और समाजसेवी गौरीशंकर कश्यप ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये कहा विद्यार्थी जीवन में अनुशासन ही सफ्लता का मूलमंत्र है वहीं उन्होंने ये भी कहा विद्यालय के शिक्षक संस्कार शिक्षण पध्दति से शिक्षा का संचार करते हैं हमें उसे ग्रहण कर सफ्लता की ओर बढ़ना चाहिये।

#### छु लो आसमान कार्य म में छात्राओं की प्रेरणा गीत नृत्य और भाषण की प्रस्तुति

जामगांव हाईस्कुल में राज्य सरकार की महत्वपूर्ण विदाई कार्यक्रम छु लो आसमान में स्कूल की छात्राओं ने प्रेरणा गीत,एकल व सामूहिक नृत्य के अलावा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसके लिये प्रतिभागी छात्राओं को मोमेंटो और मैडल से पुरूस्कृत किया गया।वही संस्था की ओर से अतिथियों को साल श्रीफेल देकर सम्मान किया गया।

## न्यौता भोजन कार्यक्रम में कलेक्टर गोयल एवं सीईओ यादव बच्चों के बीच बैठकर किये भोजन

### * नटवर स्कूल रायगढ़ में हुआ न्यौता भोजन कार्यक्रम का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

बच्चों में पोषण शक्ति विकास के लिये सभी व्यक्ति, समाज, संगठन, समाजसेवी, गणमान्य व्यक्ति आगे आयें और अपना और अपने परिवार का विशेष दिन अपने पास के किसी सरकारी स्कूल के बच्चों के साथ मनायें, ताकि बच्चों को उच्च गुणवत्ता के साथ पोषणयुक्त भोजन



मिल सके। उक्त बातें कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने शासकीय नटवर अंग्रेजी माध्यम स्कूल रायगढ़ में आयोजित जिला स्तरीय प्रधानमंत्री पोषण शक्ति विकास योजना के तहत न्यौता भोजन कार्यक्रम में कही। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव भी उपस्थित रहे। न्यौता भोजन कार्यक्रम में कलेक्टर श्री गोयल एवं सीईओ श्री यादव बच्चों के बीच बैठकर भोजन भी ग्रहण किए। आज का न्यौता भोजन कार्यक्रम लायंस क्लब रायगढ़ मिडटाउन के सहयोग से आयोजित किया गया। जिसके लिये कलेक्टर श्री गोयल ने लायंस क्लब को धन्यवाद दिया।

## पलारी छात्रावास में बाहरी लोगों ने किया छात्रों पर हमला

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

बलौदाबाजार जिले के विकासखंड पलारी में स्थित पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास में बीती रात 8 बजे कुछ असामाजिक तत्वों ने वहां के नाबालिग बालकों पर लाठी बेल्ट से हमला बोल दिया जिससे एक छात्र को ज्यादा चोंटे आई और एक को कम चोंट लगी। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्रावास के बच्चे खाना खाकर बैठे हुए थे तभी पलारी नगर के 10 से 12 लड़कों ने गाली गलौज करते हुए आये जिससे छात्र अपने कमरे से बाहर निकले और बाहर आये जिस पर बाहर से आये सभी लड़कों ने मारपीट शुरू कर दी जिससे छात्रावास के कुछ लड़कों



को चोंटे आई। घटना के समय छात्रावास के कुछ बच्चों ने छात्रावास के दीवारों पर लिखी पुलिस थाना, पुलिस अधीक्षक,आयुक्त का मोबाईल नंबरों को लगाया जिसमें किसी भी नंबर पर कॉल नहीं लगा उसके पश्चात अधीक्षक को फ ोन कर सूचित किया तब तक छात्रावास के पास निर्माणाधीन इमारत के ठेकेदार द्वारा चिल्लाने की आवाज सुनकर जब छात्रावास पहुंच कर स्थिति को देख नगरवासियों को सूचित किया तब छात्रावास में पुलिस और तहसीलदार तत्काल पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया उन्होंने तुरंत घायल बच्चों को डॉक्टरी मुलायजा कराया और ईलाज कराया। तब तक घटना की जानकारी कलेक्टर तक पहुंच चुकी थी स्थिति की गंभीरता को देख पूरी प्रशासनिक अमला हरकत में आ गया कलेक्टर ने मुख्यकार्यपालन अधिकारी पलारी रोहित नायक,आदिम जाति विभाग के सहायक आयुक्त लोकेश्वर पटेल,अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बलौदाबाजार नम्रता चौबे, तहसीलदार पलारी देवेन्द्र नेताम थाना पहुँच कर घायल बच्चों से घटना की जानकारी ली बच्चे और उनके पालक घटना से इतने डरे हुए थे कि उन्होंने एफ आर आई कराने से इंकार कर दिया सभी बच्चे 12 वीं के छात्र है और उनका परीक्षा मार्च में प्रारंभ होने वाला है आगे कुछ और गंभीर घटना से सहमे छात्रों ने पुलिस रिपोर्ट दर्ज नहीं कराया। जिस पर छात्रावास के अधीक्षक कुंजबिहारी भारद्वाज ने पुलिस को आवेदन देकर घटना में शामिल लोगों पर कार्यवाही करने की मांग की। नाबालिग बच्चों ने अपने बयान में बताया कि कल उसके विद्यालय में 12 वीं कक्षा के बच्चों को फेयरवेल पार्टी रखी गई थी जिसमे वे शामिल थे विद्यालय के कुछ छात्रों द्वारा बड़ी-बड़ी गाड़ियों में शोर शराबा करते फ ायर गन का उपयोग करते हुए स्कूल पहुंचे जिस पर विद्यालय प्रशासन द्वारा उन सभी छात्रों को भगा दिया गया। उसके पश्चात वे लोग छात्रावास आ गए खाना खाने के बाद उन्होंने फेयरवेल पार्टी की फ़ोटो स्कूल के वाट्सअप ग्रुप में डाल दिया और जो बच्चे पार्टी में नही पहुंचे थे उनको नही पहुँचने पर शरारत भरा पोस्ट डाल दिया जिससे जो बच्चे बड़ी बड़ी गाड़ियों में आये थे उनको बुरा लगा और वाट्सअप में तू-तू मैं-मैं शुरू हो गई बात इतनी बढ़ गई कि वे लड़के बाहर शहर के अन्य लड़कों को लेकर छात्रावास पहुंच गए और मारपीट की। घटना के संबंध में थाना प्रभारी पलारी शशांक सिंह से पूछने पर बताया कि अनुसूचित जाति पोस्ट मेट्रिक बालक छात्रावास पलारी में घुसकर कुछ असामाजिक तत्वों ने छात्रों से मारपीट की जिसकी जांच कर आरोपियों को गिरफ्तार कस्त्र कार्यवाही की जायेगी। इस संबंध में आदिम जाति विभाग बलौदाबाजार के सहायक आयुक्त लोकेश्वर पटेल से पूछने पर बताया कि हमारे विभाग द्वारा पुलिस को आवेदन देकर कार्यवाही करने को कहा गया बच्चों का परीक्षा एक सप्ताह बचा है जिसके कारण उनके द्वारा रिपोर्ट दर्ज नही कराई गई।


## फाईल गुम होने का सूचना

मेसर्स धनधावा पावर एवं इन्फास्ट्रक्चर प्रा.लि. सिकंदराबाद (तेलंगाना) का भू-अर्जन प्र. 201806042200014/17/ अ-82/2017-18 ग्राम भालूपखना का मूल दस्तावेज गुम होने के संबंध में।

निवेदन है कि प्रार्थी एच येशया मेसर्स धनवादा पॉवर एवं इन्फास्ट्रक्चर प्रा.लि. सिकंदराबाद (तेलंगाना) का प्रोजेक्ट मैनेजर हूं हमारी कंपनी मेसर्स धनवादा पावर एवं इन्फास्ट्रक्चर प्रा.लि. सिकंदराबाद (तेलंगाना) का ग्राम भालूपखना चौकी रैरुमा खुर्द में काम चल रहा है जो दिनांक 13/02/2024 को काम से ग्राम भालूपखना से धरमजयगढ़ आ रहे थे कि कहीं रास्ते में गुम हो गया है। मेरे द्वारा गुम हुये कंपनी का मूल दस्तावेज को खोजबीन किया गया जो कहीं नहीं मिला।

किसी को अगर मेसर्स धनधावा पावर एवं इन्फास्ट्रक्चर प्रा.लि. सिकंदराबाद (तेलंगाना) उक्त कागजात मिले तो उक्त पते में संपर्क करें या जमा कर सकते हैं।

**If found should return to**
**DHANVAADA POWER AND INFRASTRUCTURE PRIVATE LIMITED**
**CIN: U45200TG1999PTC031045**
**Registered Office: Survey No - 66/33, Indralok Pride,7-56/19,3rd Floor Prashant Hills, Raidurgam, Gachibowli, Rangareddi, Hyderabad 500032, Telangana,India**
**E-mail: dhanvaada@yahoo.co.in; Contact Number: +91-9948595757**


# विद्युत विभाग से ग्रामीण परेशान, बायसी सब-स्टेशन दे रहा मात्र 100 वोल्टेज, ग्रामीणों में आक्रोश

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

**धरमजयगढ़ के लोग विद्युत कि समस्या से परेशान हो चुके हैं। जिसमे सबसे ज्यादा बायसी सब-स्टेशन द्वारा ग्रामीणों को परेशान किया जा रहा है क्योंक बायसी सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले जितने भी गांव हैं सभी बिजली कि समस्या को लेकर परेशान हो चुके हैं**



वर्तमान में ऐसी स्तिथि हैं कि लोगों को अपने घरों में पीने का पानी भरने के लिए भी दर-दर भटकना पड़ रहा हैं बिजली विभाग के मनमाने रवैया से लोग अपने फसलों में पानी नहीं डाल पा रहे हैं क्योंकि 24 घंटे वोल्टेज 100 के आस-पास ही रहता हैं जिससे घरों के बल्ब व कुछ छोटे कार्य तो हो जाते हैं पर खेतों में पानी डालने के लिए बोर, पंप चालु नहीं होते जिससे किसानों द्वारा लगाया गया फसल पानी के अभाव में बर्बाद होता जा रहा हैं धीरे-धीरे बढ़ रही गर्मी के कारण खेतो कि नमी उड़ जा रही जिससे खेत सूख जा रहे जिसे बचाने के लिए अगर पंप चालु किया जाये तो वो भी कम वोल्टेज के कारण संभव नहीं। लम्बे समय से 3 फेस मे से 1 फेस को काट कर रख दिया गया हैं और सिर्फ 2 फेस में ही बिजली रहती हैं जों किसी काम कि नहीं वही किसानों का कहना है कि 2 फेस में बोर नहीं चलता अगर इसके अलावा बोर चलाने का कुछ अन्य उपाय खोज ले तब वोल्टेज कि ऐसी स्तिथि हैं कि हम ना घर के रहे ना घाट के। ऐसा ही चलता रहा तो बिजली विभाग के कारण उनके लाखो रूपये के फसल बर्बाद हो जायेंगे जिसका जिम्मेदार बिजली विभाग धरमजयगढ़ होगा। इन सभी मामलो से परेशान होकर गांव वालों द्वारा धरमजयगढ़ के एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा गया जिनके अनुपस्थिति में धरमजयगढ़ तहसीलदार को अपनी आपबीती सुनाई गई साथ



ही ढालीपारा में ट्रांसफार्मर कि समस्या को बताया गया वहा ट्रांसफार्मर लगाने के लगभग 10 दिनों बाद पूरा कनेक्शन जल गया उसके बाद से आज तक बिजली विभाग द्वारा कनेक्शन कि जांच नहीं कि गई। जिस कारण सभी गांव वाले बहुत ज्यादा परेशान हैं। गांव वालों ने अपनी सारी समस्या को बताते हुवे कहा कि अगर हमारी समस्या का निराकरण 3 दिन के भीतर नहीं होता तब कि स्तिथि में हम सभी धरमजयगढ़ विधुत विभाग का घेराव करेंगे।

## एक नजर

### भाजपा प्रदेश कार्यालय में वित्त मंत्री ओपी का जनदर्शन

जोहार छत्तीसगढ़ - रायगढ़।



रायपुर स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा छत्तीसगढ़ के प्रदेश महामंत्री भरतलाल वर्मा जी की मौजूदगी में वित्त मंत्री एवम रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी जनदर्शन हेतु मौजूद रहे इस दौरान उन्होंने प्रदेश से पहुंची देवतुल्य जनता एवं कार्यकर्ताओं की समस्याओं एवं मांगों को गम्भीरता पूर्वक सुना एवम हर संभव निराकरण हेतु पहल की। विदित हो कि प्रदेश भाजपा कार्यालय में महीने में एक दिन हर विभाग के मंत्री जन दर्शन हेतु मौजूद रहेंगे ताकि प्रदेश भर की जनता सहित कार्यकर्ताओ से सीधा संवाद स्थापित किया जा सके। देर रात तक चले इस जन दर्शन में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सैकड़ों जनता कार्यकर्ताओ से सीधी मुलाकात करते हुए उनकी समस्याओं का निराकरण किया।

### पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मनोहर जोशी के निधन पर वित्त मंत्री ओपी ने शोक जताया

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

विधायक रायगढ़ एवम वित्त मंत्री छत्तीसगढ़ शासन ओपी चौधरी ने पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मनोहर जोशी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए जारी संदेश मे कहा श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में लोकसभा अध्यक्ष के दायित्व का निर्वहन करने वाले मनोहर जोशी के दिवंगत होने का समाचार अत्यंत दु:खद है। महाराष्ट्र के साथ साथ देश की



सेवा हेतु जोशी द्वारा दिए गए योगदान को कभी विस्मृत नहीं किया जा सकता। उनका निधन राजनीतिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। दिवंगत पुण्यात्मा हेतु ईश्वर से प्रार्थना करते हुए वित्त मंत्री ओपी ने उन्हें चरणों में स्थान देंने की प्रार्थना की है। साथ ही शोकाकुल परिजनों एवं शुभचिंतकों को धैर्य व संबल प्रदान करने की कामना भी की है।

### सारंगढ़ और भटगांव में 24 फवरी को होगा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 24 फरवरी को विकसित भारत संकल्प यात्रा का लाइव कार्यक्रम सारंगढ़ और भटगांव में किया जाएगा। सारंगढ़ में यह कार्यक्रम तुर्की तालाब के पास जवाहिर भवन के सामने किया जाएगा। कलेक्टर चौहान ने भटगांव के दशहरा मैदान में की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियो को आवश्यक व्यवस्था अंतर्गत बिजली, पानी, कार्यक्रम के लाइव प्रसारण के सामने बैठक व्यवस्था को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान, सीएमओ मधुलिका चंदेल, तहसीलदार, कमलेश सिदार, अर्पण कुर्रे सहित जनप्रतिनिधि और मीडियाकर्मी उपस्थित थे।

# मिशन स्कूल के 9 वीं क्लास का छात्र ने लगाया फांसी

आत्महत्या से पहले 112 में फोन कर दिया सूचना

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



धरमजयगढ़ विजय उच्चतर माध्यमिक शाला का छात्र संतोष नगर के पीछे नीम पेड़ पर 2 गमछे को बांध फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना आज सुबह करीब 10-11 बजे का है, पुलिस सहायता नंबर 112 पर इसी युवक गोपी राठिया द्वारा फोन किया और उसने बताया कि वह आत्महत्या का प्रयास कर रहा है, तत्काल 112 टीम युवक गोपी राठिया कि तलाश में जुट गई। घटनास्थल नहीं मिलने के कारण पुलिस द्वारा कई बार युवक को फोन किया गया लेकिन युवक द्वारा कॉल रिसीव नहीं किया। उसके थोड़ी देर बाद पुलिस को सूचना मिला कि पेड़ में एक नाबालिग युवक की लटकती लाश है।

घटना स्थल मिला स्कली बैग में गोपी राठिया लिखा हुआ कॉपी मिली और मिशन स्कूल का ड्रेस पाया गया। मृतक का बारौद का रहने वाला है एवं अपने मामा घर पोटिया में रहकर पढ़ाई कर रहा था। धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा पंचनामा बनाकर लाश को पीएम के लिए अस्पताल में रखा है। नाबालिग ने ऐसा कदम क्यों उठाया इस पर पुलिस जांच कर रही है।

# जिले के शिक्षकों ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत किया बेस्ट प्रेक्टिस वर्क

जोहार छत्तीसगढ़ - धरमजयगढ़।

राष्ट्रीय स्तर पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार दिनांक 20 फरवरी 2024 एवं 21 फरवरी 2024 को स्कूल लीडरशिप डेव्लप्मेन्ट ट्रान्सफार्मिन्ग स्कूल थ्रो बेस्ट प्रैक्टिस पर स्टेट इन्स्टीट्यूट फार रूरल डेवलपमेंट निमोरा छत्तीसगढ़ में रखा गया जिसमें छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के शिक्षकों के साथ साथ अधिकारी भी सम्मिलित हुए । इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में निरंजन लाल पटेल, शासकीय प्राथमिक शाला लामीखार, संकुल-बोजिया, विकासखंड-धरमजयगढ़, जिला-रायगढ़ ने अपने स्कूल में चल रहे नवाचारों में प्रिंट रिच वातावरण




एवं कबाड़ से जुगाड़ प्रस्तुत किया तथा अनुराज वर्मा शासकीय प्राथमिक शाला बम्हनीनपाली ने उतकृष्ट विद्यालय पर प्रस्तुत कर जिले को गौरवान्वित किया ।

इस सेमीनार में झारखंड एवं अन्य राज्यों के शिक्षक व अधिकारी आफलाइन एवं आनलाइन जुड़े । इस कार्यक्रम में डॉ. साधवा अवजार छत्तीसगढ़ के प्रभारी नयी दिल्ली रहे एवं कोमल सिंह परदेशी शिक्षा सचिव, छत्तीसगढ़ शासन ने अपने विचार व्यक्त किये । एस सी आर टी रायपुर के संचालक डॉ. राजेन्द्र कुमार कटारा ने स्कूल लीडरशिप डेव्लप्मेन्ट ट्रान्सफार्मिन्ग स्कूल थ्रो बेस्ट प्रैक्टिस पर विषय रखे । पूरे कार्यक्रम में एस सी आर टी रायपुर के अधिकारियों के साथ साथ कार्यक्रम के प्रभारी डॉ दर्शन ने पूरा समय दिया एवं रचनात्मक कार्य करने के लिए सभी को प्रेरित करते रहे ।

### 2 करोड़ 50 लाख की ठगी

**रायपुर ।** जीई रोड तेलीबांधा स्थित होटल क्लार्क के पास सोलर एनर्जी का कार्य कराकर 2 करोड़ 50 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी गौरव जैन 39 वर्ष गुरूघासीदास प्लाजा आमापारा का रहने वाला है। प्रार्थी ने आरबीपी एनर्जी इंडिया प्रायवेट लिमिटेड का डायरेक्टर है। वहीं आरोपी रोमेट सालूसन का भागीदार कमलजीत खुराना, विपिन, राजेश कुमार व अन्य प्रार्थी के संस्था का भागीदार है।

# छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन धरमजयगढ़ द्वारा अपनी मांगों को लेकर तहसीलदार धरमजयगढ़ को ज्ञापन सौंपा गया। फेडरेशन के ज्ञापन में कहा गया है कि मांगों के संबंध में राज्य शासन को समय.समय पर ज्ञापन देकर निराकरण हेतु अनुरोध किया जाता रहा है। खेद सहित लेख है किए निराकरण हेतु त्वरित कार्यवाही



नहीं होने के कारण प्रदेश के कर्मचारी-अधिकारी काफी आक्रोशित हैं।

अवगत हो कि 11 फरवरी 2024 को छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आयोजित हुए बैठक में शासन के उपेक्षा पूर्ण रवैये के लोकतांत्रिक विरोध एवं मोंगों के समाधन हेतु शासन का ध्यान आकृष्ट करने के लिए निर्णय लिया गया है। फेडरेशन की मुख्य मांग प्रदेश के कर्मचारियों के लिए मोदी की गारंटी अनुसार केन्द्र के समान 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता देय। प्रदेश के कर्मचारियों के लिए मोदी की गारंटी अनुसार जुलाई 2019 से समय समय पर देय महंगाई भत्ते की लंबित एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में किया जाए। वेतन विसंगति एवं अन्य मुद्दे के लिए गठित पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक किया जाए। सातवें वेतनमान के एरियर्स की अंतिम किश्त का भुगतान शीघ्र किया जाए। लोकसभा चुनाव आचार संहिता लगने के पूर्व उपरोक्त मुद्दों के समाधान हेतु तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की गई है। इस अवसर पर फेडरेशन के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर चौहान ने भारत स्काउट गाइड के नवीन भवन का उद्घाटन किया

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।



विश्व चिंतन दिवस के अवसर पर कलेक्टर के एल चौहान ने भारत स्काउट गाइड छत्तीसगढ़ के जिला संघ सारंगढ़ बिलाईगढ़ के नवीन कार्यालय भवन का उद्घाटन फीता काटकर किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अपर कलेक्टर निष्ठा पांडे तिवारी, जिला परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान, एबीओ डोंगरे एवं मुकेश कुर्रे, आजीवन सदस्य महेंद्र केजरीवाल, नायक, सारंगढ़ बीआरसीसी शोभाराम पटेल उपस्थित थे। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि अपने परिवार, समाज और देश के लिए क्या काम कर सकते हैं। यह शिक्षा स्काउटिंग से मिलती है। स्काउटिंग का मुख्य उद्देश्य व्यक्तित्व विकास के साथ.साथ समाज सेवा है। आपदा प्रबंधन कार्य में स्काउट्स गाइड्स की बड़ी-बड़ी भूमिका होती है क्योंकि स्काउट्स गाइड्स में जो भी व्यक्ति जुड़ा होता है वह प्रशिक्षित होता है। प्राकृतिक आपदा से कैसे निपटा जाए इसके लिए प्रशिक्षित लोगों की आवश्यकता होती है। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स एक प्रशिक्षित संस्था है, जिसमें लाखों लोग जुड़े हुए हैं। सफाई अभियान में स्काउट्स गाइड्स द्वारा किये जा रहे सहयोग के लिए स्काउट गाइड की प्रशंसा करते हुए नवीन कार्यालय भवन के लिये शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने कार्यालय भवन का निरीक्षण करते हुए मूलभूत सुविधा मुहिया कराने आश्वासन भी दिये। अपर कलेक्टर निष्ठा पांडे तिवारी ने कहा कि स्काउटिंग से जुड़ने पर गौरव की अनुभूति होती है। मैं चाहती हूं कि जिले की स्काउट गाइड अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति अर्जित






कर जिले का नाम रोशन करें। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वज शिष्टाचार के साथ किया गया। तत्पश्चात सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। अतिथियों का स्वागत कलर पार्टी के द्वारा किया गया। अतिथियों के स्वागत में मनपसार की गाइड्स द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर जिला सचिव दीपक पांडेय ने चिंतन शिविर के संबंध में संक्षिप्त जानकारी देते हुए बताया कि स्काउट्स गाइड्स के संस्थापक बेडेन पावेल एवं उनकी पत्नी के जन्मदिन 22 फरवरी को विश्व चिंतन दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिला कोषाध्यक्ष पूनमसिंह साहू ने कहा कि भारत स्काउट्स गाइड्स विश्व व्यापी संस्था है। करीब 217 देशों में स्काउटिंग संचालित है। नवीन कार्यालय भवन के उद्घाटन समारोह के पूर्व सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त गाइड्स जयंती निषाद, जया निराला, अनुज साहू सरसींवा,पृथ्वीराज बंजारे, नीरज साहू घरजरा, एरो गोल्डन प्राप्त प्रेरणा साहू को प्रमाण पत्र प्रदान सम्मानित किया गया। केड़ार प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षित बेसिक स्काउट मास्टर्स, स्पेशल ट्रेनिंग कोर्स करने वाले धात्री नायक एवं चुनाव कार्य में मतदाता मित्र के रूप में काम करने वाले स्काउटर.गाइड एवं स्काउट्स गाइड्स को सम्मानित किया गया।

# मारवाड़ी युवा मंच के पांचवीं बार अध्यक्ष बने मनीष कथुरिया, कहा मिलकर देंगे सामाजिक कार्यों को गति

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

मारवाड़ी युवा मंच सक्ती शाखा के नए अध्यक्ष का चुनाव 2024-25 के लिए 20 फरवरी को संपन्न हुआ जिसमें सर्वसम्मति से निर्विरोध मनीष कथरिया को पांचवीं बार अध्यक्ष चुना गया। मौजूद सदस्यों से चुनाव संबंधित चर्चा प्रारंभ हुई और सब की इच्छा जानी गई तब सर्वसम्मति से मनीष कथुरिया को ही अध्यक्ष चुने पर सहमति बनी और सभी ने एक मत होकर मनीष कथुरिया के अध्यक्षीय कार्यकाल को निरंतर रखने का फैसला किया। अध्यक्ष बनने के बाद मनीष कथरिया ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच एक समाजसेवी संस्था है और हम सभी मिलकर इस संस्था के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए सदैव मिलकर काम करते रहेंगे। आने वाले वर्ष के लिए कार्य करने की घोषणा भी जल्द की जाएगी और विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा




तैयार कर जनहितार्थ कार्यों को गति दी जाएगी। विदित हो कि मनीष कथरिया पहली बार मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष सन 2018 में बने थे तब से लगातार वह अभी पांचवीं बार अध्यक्ष बने हैं। इस अवसर पर मौजूद सभी सदस्यों ने भी विश्वास जताया किया कि मनीष कथुरिया के नेतृत्व में मारवाड़ी युवा मंच एक नए मुकाम को हासिल करेगा और समाज सेवा की दिशा में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जरूरतमंदों तक पहुंच जा सकेगा। इस अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच के महेंद्र जिंदल, संजय रामचंद्र,प्रकाश अग्रवाल, कन्हैया गोयल, हरिओम अग्रवाल, रवि अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, गजेंद्र डालमिया, शैलेश अग्रवाल, अनुराग जिंदल, सुमित शर्मा, अनिल सराफ सहित मारवाड़ी युवा मंच के सदस्य गण मौजूद रहे। अखिल भारतीय मारवाडी युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने भी पांचवीं बार मनीष कथुरिया के अध्यक्ष बनने पर बधाई दी है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in